आगम संस्थान ग्रन्थमाला : ८

सम्पादक
प्रो० सागरमल जैन

समियाए धम्मे आरिएहिं पव्वइये

दीवसागरपण्णत्तिपइण्णयं

(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति-प्रकीर्णक)

डॉ० सुरेश सिसोदिया

सव्वत्थेसु समं चरे
सव्वं जगं तु समयाणुपेही
पियमप्पियं कस्स वि नो करेज्जा
सम्मदंसी न करेइ पावं
सम्मत्त दिट्ठि सया अमूढे
समियाए मुनि होइ

294.482
पुण्य-दी

आगम अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान
उदयपुर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगम संस्थान ग्रन्थमाला : ८

सम्पादक
प्रो० सागरमल जैन

दीवसागरपण्णत्तिपइण्णयं

(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति-प्रकीर्णक)

(मुनि पुण्यविजय जी द्वारा संपादित मूलपाठ)

अनुवादक
डॉ० सुरेश सिसोदिया
शोध अधिकारी
आगम अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान
उदयपुर (राज०)

भूमिका
प्रो० सागरमल जैन
डॉ० सुरेश सिसोदिया

आगम, अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान
उदयपुर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

© प्रकाशक :
आगम अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान
पद्मिनी मार्ग, राजस्थान पत्रिका कार्यालय के पास
उदयपुर (राज०) ३१३००१

संस्करण : प्रथम १९९३

मूल्य : रु० ४०.००

Dīva-Sāgarapaṇṇatti Paiṇṇayaṁ
Hindi Translation by
Dr. Suresh Sisodiya

Edition : First 1993

Price : Rs. 40-00

मुद्रक : वर्द्धमान मुद्रणालय, जवाहरनगर, वाराणसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

अर्द्धमागधी जैन आगम-साहित्य भारतीय संस्कृति और साहित्य की अमूल्य निधि है। दुर्भाग्य से इन ग्रन्थों के अनुवाद उपलब्ध न होने के कारण जनसाधारण और विद्वद्वर्ग दोनों ही इनसे अपरिचित हैं। आगम ग्रन्थों में अनेक प्रकीर्णक प्राचीन और अध्यात्मप्रधान होते हुए भी अप्राप्त से रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि पूज्य मुनि श्री पुण्यविजय जी द्वारा सम्पादित इन प्रकीर्णक ग्रन्थों के मूलपाठ का प्रकाशन श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई से हो चुका है, किन्तु अनुवाद के अभाव में जनसाधारण के लिए ये ग्राह्य नहीं बन सके। इसी कारण जैन विद्या के विद्वानों की समन्वय समिति ने अनुदित आगम ग्रन्थों और आगमिक व्याख्याओं के अनुवाद के प्रकाशन को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया और इसी सन्दर्भ में प्रकीर्णकों के अनुवाद का कार्य आगम संस्थान को दिया गया। संस्थान द्वारा अब तक देवेन्द्रस्तव, तन्दुलवैचारिक, चन्द्रवेध्यक एवं महाप्रत्याख्यान नामक चार प्रकीर्णक अनुवाद सहित प्रकाशित किये जा चुके हैं।

हमें प्रसन्नता है कि संस्थान के शोध अधिकारी डॉ० सुरेश सिसोदिया ने 'द्वीपसागरप्रज्ञप्ति-प्रकीर्णक' का अनुवाद सम्पूर्ण किया। प्रस्तुत ग्रन्थ की सुविस्तृत एवं विचारपूर्ण भूमिका संस्थान के मानद निदेशक प्रो० सागरमल जी जैन एवं डॉ० सुरेश सिसोदिया ने लिखकर ग्रन्थ को पूर्णता प्रदान की है, इस हेतु हम उनके कृतज्ञ हैं।

हम संस्थान के मार्गदर्शक प्रो० कमलचन्द जी सोगानी, मानद सह निदेशिका डॉ० सुषमा जी सिंघवी एवं मन्त्री श्री वीरेन्द्र सिंह जी लोढा के भी आभारी हैं, जो संस्थान के विकास में हर सम्भव सहयोग एवं मार्गदर्शन दे रहे हैं। डॉ० सुभाष कोठारी भी संस्थान को प्रकीर्णक अनुवाद योजना में संलग्न हैं अतः उनके प्रति भी आभारी हैं।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन हेतु श्रीमती जीवणीदेवी कांकरिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपौत्र श्री दिलीप कांकरिया ने अर्थ सहयोग प्रदान किया है, एतदर्थ हम उनके प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। ग्रन्थ के सुन्दर एवं सत्वर मुद्रण के लिए हम वर्द्धमान मुद्रणालय के भी आभारी हैं।

गणपतराज बोहरा
अध्यक्ष

सरदारमल कांकरिया
महामंत्री

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत प्रकाशन के अर्थ सहयोगी

प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रकाशन हेतु गोगोलाव निवासी श्रीमती जीवणीदेवी कांकरिया धर्मपत्नी स्व० सेठ मुकनमलजी कांकरिया की पुण्य-स्मृति में उनके सुपौत्र श्री दिलीप कांकरिया ने अर्थ सहयोग प्रदान किया है।

श्रीमती जीवणीदेवी कांकरिया आचार्य श्री नानालालजी म० सा० की परमभक्त एवं धर्मनिष्ठ सुश्राविका थीं। शिक्षा, सेवा और चिकित्सा सम्बन्धी कोई भी शुभ कार्य हो, उसमें आप उदारहृदय से अर्थ सहयोग प्रदान करती थीं। आपके नाम से रतलाम में महिला उद्योग मन्दिर का निर्माण कराया गया था, उसमें आपने एक लाख रुपये से भी अधिक का अनुदान प्रदान किया था।

आपके युवा पौत्र श्री दिलीप कांकरिया उदारहृदयी एवं मृदु व्यवहारी हैं। आप समाज के सभी कार्यों में सदैव उदारतापूर्वक अर्थ सहयोग प्रदान करते हैं। समाज को आपसे भारी आशाएँ हैं।

संस्थान श्री कांकरिया सा० के योगदान हेतु सदैव आभारी रहेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषयानुक्रम

विषय		गाथा क्रमांक	पृ०/क्रमांक
भूमिका			१–७६
मानुषोत्तर पर्वत	....	१-१८	३–५
नलिनोदक आदि सागर	....	१९-२४	५–७
नन्दीश्वर द्वीप	....	२५	७
अंजन पर्वत और उनके ऊपर जिनदेव के मंदिर	....	२६-४७	७-११
दधिमुख पर्वत और उनके ऊपर जिनदेव के मंदिर	....	४८-५१	११
अंजन पर्वतों की पुष्करिणियाँ	....	५२-५७	१३
रतिकर पर्वत और शक्र ईशान देव-देवियों की राजधानियाँ	....	५८-७०	१३-१५
कुण्डल द्वीप		७१	१५
कुण्डल पर्वत	....	७२–७५	१५
कुण्डल पर्वत के ऊपर सोलह शिखर	....	७६-८३	१७
कुण्डल पर्वत के शिखरों पर सोलह नागकुमार देव	....	८४-८६	१७
कुण्डल पर्वत के भीतर सौधर्म ईशान लोकपालों की राजधानियाँ	....	८७-९७	१९
कुण्डल पर्वत के भीतर शक्र ईशान अग्रमहिषियों की राजधानियाँ	....	९८-१०१	२१
कुण्डल पर्वत के बाहर त्रायस्त्रिंशकों और उनकी अग्रमहिषियों की राजधानियाँ	....	१०२-१०९	२१-२३
कुण्डल समुद्र	....	११०	२३
रुचक द्वीप	....	१११	२३
रुचक पर्वत	....	११२-११६	२३
रुचक पर्वत पर शिखर	....	११७-१२६	२३-२५
दिशाकुमारियाँ और उनके स्थान	....	१२७-१४२	२५-२९
दिग्हस्ति शिखर	....	१४३-१४८	२९-३१
रतिकर पर्वत पर शक्र ईशान सामानिक देवों के उत्पादक पर्वत और राजधानियाँ	...	१४९-१५५	३१-३३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जम्बूद्वीप आदि द्वीपों और समुद्रों के अधिपति देव १५६-१६५ ३३-३७
तिगिञ्छि पर्वत १६६-१७३ ३७
चमरचंचा राजधानी १७४-२२५ ३९-४७
परिशिष्ट
(१) द्वीपसागरप्रज्ञप्ति प्रकीर्णक की गाथानुक्रमणिका ४८-५२
(२) सहायक ग्रन्थ सूची ५३-५४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दीवसागरपण्णत्तिपइण्णयं

(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति-प्रकीर्णक)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भूमिका

प्रत्येक धर्म परम्परा में धर्म ग्रन्थ का एक महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। हिन्दुओं के लिए वेद, बौद्धों के लिए त्रिपिटक, पारसियों के लिए अवेस्ता, ईसाइयों के लिए बाइबिल और मुसलमानों के लिए कुरान का जो स्थान और महत्त्व है, वही स्थान और महत्त्व जैनों के लिए आगम साहित्य का है। यद्यपि जैन परम्परा में आगम न तो वेदों के समान अपौरुषेय माने गये हैं और न ही बाइबिल और कुरान के समान किसी पैगम्बर के माध्यम से दिया गया ईश्वर का सन्देश, अपितु वे उन अर्हंतों एवं ऋषियों की वाणी का संकलन हैं, जिन्होंने साधना और अपनी आध्यात्मिक विशुद्धि के द्वारा सत्य का प्रकाश पाया था। यद्यपि जैन आगम साहित्य में अङ्ग सूत्रों के प्रवक्ता तीर्थंकरों को माना जाता है, किन्तु हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि तीर्थंकर भी मात्र अर्थ के प्रवक्ता हैं, दूसरे शब्दों में वे चिन्तन या विचार प्रस्तुत करते हैं, जिन्हें शब्द रूप देकर ग्रन्थ का निर्माण गणधर अथवा अन्य प्रबुद्ध आचार्य या स्थविर करते हैं।[1]

जैन परम्परा हिन्दू-परम्परा के समान शब्द पर उतना बल नहीं देती है। वह शब्द को विचार की अभिव्यक्ति का मात्र एक माध्यम मानती है। उसकी दृष्टि में शब्द नहीं, अर्थ (तात्पर्य) ही प्रधान है। शब्दों पर अधिक बल न देने के कारण ही जैन-परम्परा के आगम ग्रन्थों में यथाकाल भाषिक परिवर्तन होते रहे और वेदों के समान शब्द रूप में वे अक्षुण्ण नहीं बने रह सके। यही कारण है कि आगे चलकर जैन आगम साहित्य— अर्द्धमागधी आगम-साहित्य और शौरसेनी आगम-साहित्य ऐसी दो शाखाओं में विभक्त हो गया। इनमें अर्द्धमागधी आगम-साहित्य न केवल प्राचीन है अपितु वह महावीर की मूलवाणी के निकट भी है। शौरसेनी आगम-साहित्य का विकास भी अर्द्धमागधी आगम साहित्य के प्राचीन स्तर के इन्हीं आगम ग्रंथों के आधार पर हुआ है। अतः अर्द्धमागधी आगम-साहित्य शौरसेनी आगम-साहित्य का आधार भी है। यद्यपि यह अर्द्धमागधी आगम-साहित्य भी महावीर के काल से लेकर वीर निर्वाण संवत्

---

१. 'अत्थं भासइ अरहा सुत्तं गंथंति गणहरा' आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा ९२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९८० या ९९३ की वलभी की वाचना तक लगभग एक हजार वर्ष की सुदीर्घ अवधि में अनेक बार संकलित और सम्पादित हुआ है। अतः इस अवधि में उसमें कुछ संशोधन, परिवर्तन और परिवर्धन भी हुआ है और उसका कुछ अंश कालकवलित भी हो गया है।

प्राचीन काल में यह अर्द्धमागधी आगम साहित्य—अंग-प्रविष्ट और अंगबाह्य ऐसे दो विभागों में विभाजित किया जाता था। अंग प्रविष्ट में ग्यारह अंग आगमों और बारहवें दृष्टिवाद को समाहित किया जाता था। जबकि अंगबाह्य में इनके अतिरिक्त वे सभी आगम ग्रन्थ समाहित किये जाते थे, जो श्रुतकेवली एवं पूर्वधर स्थविरों की रचनाएँ मानी जाती थीं। पुनः इस अंगबाह्य आगम-साहित्य को भी नन्दीसूत्र में आवश्यक और आवश्यक व्यतिरिक्त ऐसे दो भागों में विभाजित किया गया है। आवश्यक व्यतिरिक्त के भी पुनः कालिक और उत्कालिक ऐसे दो विभाग किये गये हैं।नन्दीसूत्र का यह वर्गीकरण निम्नानुसार है—



१. नन्दीसूत्र—सं० मुनि मधुकर, सूत्र ७६, ७९-८१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालिक		उत्कालिक	
उत्तराध्ययन	वैश्रमणोपपात	दशवैकालिक	सूर्यप्रज्ञप्ति
दशाश्रुतस्कन्ध	वेलन्धरोपपात	कल्पिकाकल्पिक	पौरुषीमंडल
कल्प	देवेन्द्रोपपात	चुल्लकल्पश्रुत	मण्डलप्रवेश
व्यवहार	उत्थानश्रुत	महाकल्पश्रुत	विद्याचरण विनिश्चय
निशीथ	समुत्थानश्रुत	औपपातिक	गणिविद्या
महानिशीथ	नागपरिज्ञापनिका	राजप्रश्नीय	ध्यानविभक्ति
ऋषिभाषित	निरयावलिका	जीवाभिगम	मरणविभक्ति
जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति	कल्पिका	प्रज्ञापना	आत्मविशोधि
द्वीपसागरप्रज्ञप्ति	कल्पावतंसिका	महाप्रज्ञापना	वीतरागश्रुत
चन्द्रप्रज्ञप्ति	पुष्पिता	प्रमादाप्रमाद	संलेखणाश्रुत
क्षुल्लिकाविमान-प्रविभक्ति	पुष्पचूलिका	नन्दीसूत्र	विहारकल्प
महल्लिकाविमान-प्रविभक्ति	वृष्णिदशा	अनुयोगद्वार	चरणविधि
अंगचूलिका		देवेन्द्रस्तव	आतुरप्रत्याख्यान
वग्गचूलिका		तन्दुलवैचारिक	महाप्रत्याख्यान
विवाहचूलिका		चन्द्रवेध्यक	
अरुणोपपात			
वरुणोपपात			
गरुड़ोपपात			
धरणोपपात			

इस प्रकार हम देखते हैं कि नन्दीसूत्र में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख अंगबाह्य, आवश्यक-व्यतिरिक्त कालिक आगमों में हुआ है। पाक्षिकसूत्र में आगमों के वर्गीकरण की जो शैली अपनायी गयी है उसमें नाम और क्रम में कुछ भिन्नता है। उसमें भी द्वीपसागरप्रज्ञप्ति को कालिक आगमों में ग्यारहवाँ स्थान मिला है। इसके अतिरिक्त आगमों के वर्गीकरण की एक प्राचीन शैली हमें यापनीय परम्परा के शौरसेनी आगम 'मूलाचार' में भी मिलती है। मूलाचार आगमों को चार भागों में वर्गीकृत करता है[1]—(१) तीर्थंकर-कथित (२) प्रत्येकबुद्ध-

१. मूलाचार—भारतीय ज्ञानपीठ-गाथा २७७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कथित (३) श्रुतकेवली कथित और (४) पूर्वधर-कथित। पुनः मूलाचार में इन आगमिक ग्रन्थों का कालिक और उत्कालिक के रूप में वर्गीकरण किया गया है किन्तु मूलाचार में कहीं भी द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का नाम नहीं आया है। अतः यापनीय परम्परा इसे किस वर्ग में वर्गीकृत करती थी, यह कहना कठिन है।

वर्तमान में आगमों के अंग, उपांग, छेद, मूलसूत्र, प्रकीर्णक आदि विभाग किये जाते हैं। यह विभागीकरण हमें सर्वप्रथम विधिमार्गप्रपा (जिनप्रभ-१३वीं शताब्दी) में प्राप्त होता है।[1] सामान्यतया प्रकीर्णक का अर्थ विविध विषयों के संकलित ग्रन्थ ही किया जाता है। नन्दीसूत्र के टीकाकार मलयगिरि ने लिखा है कि तीर्थंकरों द्वारा उपदिष्ट श्रुत का अनुसरण करके श्रमण प्रकीर्णकों की रचना करते थे। परम्परानुसार यह भी मान्यता है कि प्रत्येक श्रमण एक-एक प्रकीर्णक की रचना करता था। समवायांग सूत्र में "चोरासीइं पण्णग सहस्साइं पण्णत्ता" कहकर ऋषभदेव के चौरासी हजार शिष्यों के चौरासी हजार प्रकीर्णकों का उल्लेख किया है।[2] महावीर के तीर्थ में चौदह हजार साधुओं का उल्लेख प्राप्त होता है। अतः उनके तीर्थ में प्रकीर्णकों की संख्या भी चौदह हजार मानी गयी है। किन्तु आज प्रकीर्णकों की संख्या दस मानी जाती है।

ये दस प्रकीर्णक निम्न हैं—

(१) चतुःशरण (२) आतुर प्रत्याख्यान (३) संस्तारक (४) चन्द्रवेध्यक (५) गच्छाचार (६) तन्दुलवैचारिक (७) देवेन्द्रस्तव (८) गणिविद्या (९) महाप्रत्याख्यान और (१०) मरण विधि।

मुनि पुण्यविजय जी द्वारा सम्पादित पइण्णयसुत्ताइं में दस प्रकीर्णकों के नाम निम्नानुसार हैं[3] —

(१) चतुःशरण (२) आतुरप्रत्याख्यान (३) भक्तपरिज्ञा (४) संस्तारक (५) तन्दुलवैचारिक (६) चन्द्रवेध्यक (७) देवेन्द्रस्तव (८) गणिविद्या (९) महाप्रत्याख्यान और (१०) वीरस्तव

दस प्रकीर्णकों को श्वेताम्बर मूर्तिपूजक सम्प्रदाय आगमों की श्रेणी में मानता है। परन्तु प्रकीर्णक नाम से अभिहित इन ग्रन्थों का संग्रह किया जाय तो निम्न बाईस नाम प्राप्त होते हैं—

---

१. विधिमार्गप्रपा—पृष्ठ ५५।
२. समवायांग सूत्र—मुनि मधुकर–८४वाँ समवाय।
३. पइण्णयसुत्ताइं, प्रस्तावना पृष्ठ २०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) चतुःशरण (२) आतुरप्रत्याख्यान (३) भक्तपरिज्ञा (४) संस्तारक (५) तंदुलवैचारिक (६) चन्द्रवेध्यक (७) देवेन्द्रस्तव (८) गणिविद्या (९) महाप्रत्याख्यान (१०) वीरस्तव (११) ऋषिभाषित (१२) अजीवकल्प (१३) गच्छाचार (१४) मरणसमाधि (१५) तित्थोगालि (१६) आराधना-पताका (१७) द्वीपसागरप्रज्ञप्ति (१८) ज्योतिष्करण्डक (१९) अंगविद्या (२०) सिद्धप्राभृत (२१) सारावली और (२२) जीवविभक्ति।[1]

इसके अतिरिक्त एक ही नाम के अनेक प्रकीर्णक भी उपलब्ध होते हैं, यथा—'आउर पच्चक्खान' के नाम से तीन ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं।

इनमें से नन्दी और पाक्षिक के उत्कालिक सूत्रों के वर्ग में देवेन्द्रस्तव, तंदुलवैचारिक, चन्द्रवेध्यक, गणिविद्या, मरणविभक्ति, मरणसमाधि, महाप्रत्याख्यान—ये सात नाम पाये जाते हैं और कालिकसूत्रों के वर्ग में ऋषिभाषित और द्वीपसागरप्रज्ञप्ति ये दो नाम पाये जाते हैं। इस प्रकार नन्दी एवं पाक्षिक सूत्र में नौ प्रकीर्णकों का उल्लेख मिलता है।[2]

प्रकीर्णकों की संख्या और नामों को लेकर जैनाचार्यों में परस्पर मत-भेद देखा जाता है। दस प्रकीर्णकों की सभी सूचियों में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख नहीं है, किन्तु नन्दीसूत्र की कालिक सूत्रों की सूची में इसका उल्लेख होना इस बात का प्रमाण है कि यह आगम रूप में मान्य एक प्राचीन ग्रन्थ है। श्वेताम्बर आचार्य जिनप्रभ ने विधिमार्गप्रपा नामक ग्रन्थ में निम्न चौदह प्रकीर्णकों का उल्लेख किया है[3]—

(१) देवेन्द्रस्तव, (२) तंदुलवैचारिक, (३) मरण समाधि, (४) महा-प्रत्याख्यान, (५) आतुर प्रत्याख्यान, (६) संस्तारक, (७) चन्द्रकवेध्यक, (८) भक्तपरिज्ञा, (९) चतुःशरण, (१०) वीरस्तव, (११) गणिविद्या, (१२) द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, (१३) संग्रहणी और (१४) गच्छाचार। इनमें द्वीप-सागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख होना यह सिद्ध करता है कि उसे एक प्रकीर्णक के रूप में मान्यता प्राप्त थी।

---

१. पइण्णयसुत्ताइं, पृष्ठ १८।

२. नन्दीसूत्र—मधुकर मुनि, पृष्ठ ८०-८१।

३. देवंदत्थयं–तंदुलवेयालिय–मरणसमाहि – महापच्चक्खाण–आउरपच्चक्खाण–संथारय–चंदाविज्झय–चउसरण – वीरत्थय–गणिविज्जा–दीवसागरपण्णत्ति–संगहणी–गच्छायारं–इच्चाइपइण्णगाणि इक्किक्केण निव्विएण वच्चंति।
(विधिमार्गप्रपा, पृष्ठ ५७-५८)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विधिमार्गप्रपा में उल्लिखित इन प्रकीर्णकों के नामों में 'द्वीपसागर-प्रज्ञप्ति' और 'संग्रहणी' को भिन्न-भिन्न प्रकीर्णक बतलाया गया है जबकि द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का नामोल्लेख द्वीपसागरप्रज्ञप्ति संग्रहणी गाथा (दीव-सागरपण्णत्ति संगहणी गाहाओ) रूप में मिलता है। हमारी दृष्टि से विधि-मार्गप्रपा में सम्पादक की असावधानी से यह गलती हुई है। वस्तुतः 'द्वीपसागरप्रज्ञप्ति' और 'संग्रहणी' दो भिन्न प्रकीर्णक नहीं होकर एक ही प्रकीर्णक है। विधिमार्गप्रपा में यह भी बतलाया गया है कि द्वीपसागर-प्रज्ञप्ति का अध्ययन तीन कालों में तीन आयम्बिलों के द्वारा होता है।[1] पुनः इसी ग्रन्थ में आगे चार कालिक प्रज्ञप्तियों का उल्लेख है, जिनमें द्वीपसागर प्रज्ञप्ति भी समाहित है। टिप्पणी में इन चारों प्रज्ञप्तियों के नामों का उल्लेख है।[2]

यद्यपि आगमों की शृंखला में प्रकीर्णकों का स्थान द्वितीयक है, किन्तु यदि हम भाषागत प्राचीनता और विषयवस्तु की दृष्टि से विचार करें तो प्रकीर्णक, कुछ आगमों की अपेक्षा भी महत्त्वपूर्ण प्रतीत होते हैं। प्रकीर्णकों में ऋषिभाषित आदि ऐसे प्रकीर्णक हैं, जो उत्तराध्ययन और दशवैकालिक जैसे प्राचीन स्तर के आगमों की अपेक्षा भी प्राचीन हैं।[3]

ग्रन्थ में प्रयुक्त हस्तलिखित प्रतियों का परिचय

मुनि श्री पुण्यविजयजी ने इस ग्रन्थ के पाठ निर्धारण में निम्न प्रतियों का प्रयोग किया है—

१. प्र० : प्रवर्तक श्री कांतिविजयजी महाराज की हस्तलिखित प्रति।
२. मु० : मुनि श्री चंदनसागर जी द्वारा संपादित एवं चंदनसागर ज्ञान भण्डार, वेजलपुर से प्रकाशित प्रति।
३. हं० : मुनि श्री हंसविजय जी महाराज की हस्तलिखित प्रति।

हमने क्रमांक १ से ३ तक की इन पाण्डुलिपियों के पाठ भेद मुनि पुण्यविजयजी द्वारा संपादित पइण्णयसुत्ताइं नामक ग्रन्थ से लिए हैं। इन पाण्डुलिपियों की विशेष जानकारी के लिए हम पाठकों से पइण्णय-

---

१. दीवसागरपण्णत्ती तिहिं कालेहिं तिहिं अंबिलेहिं जाइ।
२. विधिमार्गप्रपा, पृष्ठ ६१, टिप्पणी २
३. ऋषिभाषित आदि की प्राचीनता के सम्बन्ध में देखें—
डॉ० सागरमल जैन-ऋषिभाषित एक अध्ययन (प्राकृत भारती संस्थान, जयपुर)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुत्ताइं ग्रन्थ की प्रस्तावना के पृष्ठ २३-२८ देख लेने की अनुशंसा करते हैं।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के कर्त्ता—

प्रस्तुत प्रकीर्णक में प्रारम्भ से अन्त तक किसी भी गाथा में ग्रन्थकर्त्ता ने अपना नामोल्लेख तक नहीं किया है। ग्रन्थ में ग्रन्थकर्त्ता के नामोल्लेख के अभाव का वास्तविक कारण क्या रहा है? इस सन्दर्भ में निश्चय पूर्वक भले ही कुछ नहीं कहा जा सकता हो, किन्तु प्रबल संभावना यह है कि इस अज्ञात ग्रन्थकर्ता के मन में यह भावना अवश्य रही होगी कि प्रस्तुत ग्रन्थ की विषयवस्तु तो मुझे पूर्व आचार्यों या उनके ग्रन्थों से प्राप्त हुई है, इस स्थिति में मैं इस ग्रन्थ का कर्ता कैसे हो सकता हूँ? वस्तुतः प्राचीन स्तर के आगम ग्रन्थों के समान ही इस ग्रन्थ के कर्ता ने भी अपना नामोल्लेख नहीं किया है। इससे जहाँ एक ओर उसकी विनम्रता प्रकट होती है वहीं दूसरी ओर यह भी सिद्ध होता है कि यह एक प्राचीन स्तर का ग्रन्थ है। ग्रन्थकर्ता के रूप में इतना तो निश्चित है कि यह ग्रन्थ किसी श्रुत स्थविर द्वारा रचित है।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति-प्रकीर्णक और उसका रचनाकाल—

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति-प्रकीर्णक (दीवसागरपण्णत्ति-पइण्णयं) प्राकृत भाषा की एक पद्यात्मक रचना है। इसका सर्वप्रथम उल्लेख स्थानांगसूत्र में मिलता है। स्थानांगसूत्र में निम्न चार अंगबाह्य-प्रज्ञप्तियों का उल्लेख हुआ है—(१) चन्द्रप्रज्ञप्ति, (२) सूर्यप्रज्ञप्ति, (३) जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति और (४) द्वीपसागरप्रज्ञप्ति।[1] स्थानांगसूत्र में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के इस नामोल्लेख से यह तो स्पष्ट है कि स्थानांगसूत्र के अन्तिम संकलन एवं संपादन से पूर्व इस ग्रन्थ का निर्माण हो चुका था। स्थानांगसूत्र की अन्तिम वाचना का समय पाँचवीं शताब्दी के लगभग माना जाता है। इस आधार पर यही सिद्ध होता है कि पाँचवीं शताब्दी के पूर्व द्वीपसागर-प्रज्ञप्ति की रचना हो चुकी थी।

स्थानांगसूत्र के पश्चात् नन्दीसूत्र और पाक्षिकसूत्र में द्वीपसागर-

---

१. चत्तारि पण्णत्तीओ अंगबाहिरियाओ पण्णत्ताओ, तंजहा-चंदपण्णत्ती, सूर-पण्णत्ती, जंबुद्दीवपण्णत्ती, दीवसागरपण्णत्ती।

(स्थानांगसूत्र, मुनि मधुकर, सूत्र ४/१/१८९)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रज्ञप्ति का उल्लेख प्राप्त होता है। इन दोनों ही ग्रन्थों में आवश्यक व्यतिरिक्त कालिक श्रुत के अन्तर्गत द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख मिलता है।[1] नन्दीसूत्र का रचनाकाल भी पाँचवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध माना जाता है। इस आधार पर यह मानना होगा कि उसके पूर्व द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का निर्माण हो चुका था। पाक्षिकसूत्र भी पर्याप्त रूप से प्राचीन हैं अतः उसमें इस ग्रन्थ का उल्लेख होना इसकी प्राचीनता का परिचायक है। इसके अतिरिक्त नन्दीसूत्र चूर्णी, आवश्यकसूत्र चूर्णी एवं पाक्षिकसूत्र की वृत्ति में भी द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का नामोल्लेख उपलब्ध है[2]। पाक्षिकसूत्र वृत्ति के अनुसार यह ग्रन्थ द्वीपों एवं सागरों का विवरण प्रस्तुत करता है। इन सभी ग्रन्थों में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख यह सूचित करता है कि जैनागमों की देवर्द्धिगणी की वाचना से पूर्व यह ग्रन्थ अस्तित्व में आ चुका था।

जैन आगम—स्थानांगसूत्र, समवायांगसूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति, राजप्रश्नीय-सूत्र, जीवाजीवाभिगमसूत्र तथा सूर्यप्रज्ञप्ति आदि में यत्र-तत्र द्वीप-समुद्रों से संबंधित विषयवस्तु उपलब्ध होती है, लेकिन यह विषयवस्तु वहाँ विकीर्ण रूप में ही उपलब्ध है क्योंकि इनमें से किसी भी ग्रन्थ में द्वीप-समुद्रों का सांगोपांग एवं सुव्यवस्थित विवरण नहीं मिलता है, जबकि द्वीपसागर-प्रज्ञप्ति में मानुषोत्तर पर्वत के आगे स्थित द्वीप-समुद्रों का सांगोपांग एवं सुव्यवस्थित विवरण है। पुनः स्थानांगसूत्र एवं सूर्यप्रज्ञप्ति आदि आगम ग्रन्थों में इसकी आंशिक विषयवस्तु गद्य रूप में मिलती है, जबकि यह ग्रन्थ प्राकृत पद्यों में रचा गया है। आज यह कहना तो कठिन है कि यह

---

१. (क) कालियं अणेगविहं पण्णत्तं, तंजहा—(१) उत्तराज्झयणाइ..... (९) दीवसागरपण्णत्ती.....(३१) वण्हीदसाओ।
(नन्दीसूत्र-मुनि मधुकर, पृष्ठ १६३)
(ख) इमं वाइअं अंगबाहिरं कालिअं भगवंतं तंजहा—उत्तराज्झयणाइं (१)..... .....दीवसागरपण्णत्ती (२)..... .....तेअग्गिनिसग्गाणं (३६)।
(पाक्षिकसूत्र-देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड, पृष्ठ ७९)

२. (क) नन्दीसूत्र चूर्णी, पृष्ठ ५९ (प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, वाराणसी)।
(ख) श्रीमद् आवश्यकसूत्रम्, पृष्ठ ६ (श्री ऋषभदेव जी केशरीमल जी श्वेताम्बर संस्था, रतलाम)
(ग) द्वीपसागराणं प्रज्ञापनं यस्यां सा द्वीपसागरज्ञप्तिः।
(पाक्षिकसूत्र, पृष्ठ ८१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय-सामग्री द्वीपसागरप्रज्ञप्ति से आगमों में गई है या आगमों की विषय-वस्तु से ही द्वीपसागरप्रज्ञप्ति की रचना हुई है, किन्तु इतना निश्चित है कि द्वीप-समुद्रों का पद्य रूप में विवरण प्रस्तुत करनेवाला यह प्रथम एवं प्राचीन ग्रन्थ है।

'दीवसागरपण्णत्तिसंगहणीगाहाओ' नामक जो प्रकीर्णक मुनि पुण्य-विजय जी द्वारा संपादित 'पइण्णसुत्ताइं' ग्रन्थ में प्रकाशित हुआ है उसके सन्दर्भ में मुनिश्री पुण्यविजय जी ने अपनी प्रस्तावना में यह प्रश्न उठाया है कि प्रस्तुत प्रकीर्णक और नन्दीसूत्र तथा पाक्षिकसूत्र में उल्लिखित द्वीप-सागरप्रज्ञप्ति एक ही है या भिन्न-भिन्न है, यह विचारणीय है।[1] पूज्य मुनिजी को इस प्रकीर्णक के सन्दर्भ में यह भ्रान्ति क्यों हुई ? यह हम नहीं जानते हैं। जहाँ तक 'द्वीपसागरप्रज्ञप्ति संग्रहणी गाथा' नामक प्रस्तुत प्रकीर्णक का प्रश्न है, यह वही प्रकीर्णक है—जिसका उल्लेख नंदीसूत्र और पाक्षिकसूत्र में है। क्योंकि एक तो इसकी भाषा आगमों की भाषा से भिन्न या परवर्ती नहीं लगती, दूसरे विषयवस्तु को दृष्टि से भी ऐसा कोई परवर्ती उल्लेख इसमें नहीं पाया जाता है जिससे इस प्रकीर्णक को उससे भिन्न माना जाय। इसकी विषयवस्तु आगमिक उल्लेखों के अनुकूल ही है, इस दृष्टि से भी इसके भिन्न होने की कल्पना नहीं की जा सकती है।

यदि हम यह मानते हैं कि प्रस्तुत द्वीपसागरप्रज्ञप्ति संग्रहणीगाथा वह ग्रन्थ नहीं है जिसका उल्लेख स्थानांगसूत्र, नन्दीसूत्र एवं पाक्षिकसूत्र आदि आगम ग्रन्थों में हुआ है तो हमें यह कल्पना करनी होगी कि वह गद्य रूप में लिखित कोई विस्तृत ग्रन्थ रहा होगा और उस ग्रन्थ की संग्रहणी के रूप में प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना हुई होगी। फिर भी इतना तो निश्चित सत्य है कि दोनों ग्रन्थों में विषयवस्तु की दृष्टि से कोई अन्तर नहीं रहा होगा। यदि हम इसे भिन्न ग्रन्थ मानते हैं तो भी यह मानने में कोई बाधा नहीं आती है कि इसका रचनाकाल ईस्वी सन् की ५वीं शताब्दी के लगभग हो, क्योंकि संग्रहणी देवर्द्धि की वाचना से पूर्व हो चुकी थी। आगमों में अनेक जगह कई उल्लेख 'गाहाओ' या 'संग्रहणी' के रूप में हुए हैं। अतः यह मानना उचित है कि 'दीवसागरपण्णत्तिसंगहणी गाहाओ' और स्थानांगसूत्र, नन्दीसूत्र तथा पाक्षिकसूत्र आदि ग्रन्थों में उल्लिखित 'दीवसागरपण्णत्ती' भिन्न-भिन्न नहीं होकर एक ही ग्रन्थ हैं।

दिगम्बर परम्परा में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख षट्खण्डागम की

---

१. मुनि पुण्यविजय-पइण्णयसुत्ताइं-प्रस्तावना, पृष्ठ ५३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धवलाटीका में हुआ है।[1] उसमें दृष्टिवाद के पाँच अधिकार बतलाए गए हैं—(१) परिकर्म, (२) सूत्र, (३) प्रथमानुयोग, (४) पूर्वगत और (५) चूलिका। पुनः परिकर्म के पाँच भेद किये हैं—(१) चन्द्रप्रज्ञप्ति, (२) सूर्यप्रज्ञप्ति, (३) जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, (४) द्वीपसागरप्रज्ञप्ति तथा (५) व्याख्याप्रज्ञप्ति। दिगम्बर परम्परा के ही मान्य ग्रन्थ अंगपण्णत्ति में भी परिकर्म के पाँच भेद इसी रूप में उल्लिखित हैं।[2] दृष्टिवाद के पाँच विभागों या अधिकारों की चर्चा तो श्वेताम्बर मान्य आगम समवायांग और नन्दीसूत्र में भी है, परन्तु दिगम्बर परम्परा में मान्य परिकर्म के ये पाँच भेद श्वेताम्बर परम्परा मान्य आगमों में नहीं मिलते हैं।

श्वेताम्बर परम्परा में समवायांगसूत्र एवं नन्दीसूत्र में धवलाटीका के अनुरूप ही दृष्टिवाद के निम्न पाँच अधिकार उल्लिखित हैं[3]—

(१) परिकर्म, (२) सूत्र, (३) पूर्वगत, (४) अनुयोग और (५) चूलिका। वहाँ परिकर्म के पाँच भेद नहीं करके निम्न सात भेद किये गये हैं[4]—(१) सिद्धश्रेणिका-परिकर्म, (२) मनुष्यश्रेणिका-परिकर्म, (३) पृष्टश्रेणिका-परिकर्म, (४) अवगाहन श्रेणिका-परिकर्म (५) उपसंपद्य-श्रेणिका-परिकर्म, (६) विप्रजहतश्रेणिका-परिकर्म और (७) च्युता-च्युतश्रेणिका-परिकर्म। इस प्रकार स्पष्ट है दिगम्बर परम्परा ने दृष्टिवाद के अन्तर्गत परिकर्म के पाँच भेदों में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति की गणना की है किन्तु श्वेताम्बर परम्परा ने द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख दृष्टिवाद के एक विभाग परिकर्म में नहीं करके चार प्रज्ञाप्तियों में किया है। ज्ञातव्य

---

१. तस्स पंच अत्थाहियारा हवंति, परियम्म-सुत्त-पढमाणियोग-पुव्वगयं-चुलिका चेदि। जं तं परियम्मं तं पंचविहं। तं जहा-चंदपण्णत्ती, सूरपण्णत्ती जंबूदीव-पण्णत्ती, दीवसायरपण्णत्ती, वियाहपण्णत्ती चेदि।
(षट्खण्डागम, १/१/२ पृष्ठ १०९)

२. अंगपण्णत्ती, गाथा १–११।

३. (क) दिट्ठिवाए णं सव्वभावपरूवणया आघविज्जति। से समासओ पंचविहे पण्णत्ते। तंजहा—परिकम्मं सुत्ताइं पुव्वगयं अणुओगो चूलिया।
(ख) नन्दीसूत्र, सूत्र ९६　　(समवायांग, सूत्र ५५७)

४. (क) परिकम्मे सत्तविहे पण्णत्ते। तं जहा—सिद्धसेणियापरिकम्मे मणुस्स-सेणियापरिकम्मे पुट्ठसेणियापरिकम्मे ओगाहणसेणिमापरिकम्मे उपसंपज्ज-सेणियापरिकम्मे विप्पजहसेणियापरिकम्मे चुआसुअसेणियापरिकम्मे।
(ख) नन्दीसूत्र, सूत्र ९७　　(समवायांग, सूत्र ५५८)

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

है दिगम्बर परम्परा में परिकर्म के अन्तर्गत जो पाँच ग्रन्थ समाहित किये गये हैं—उन्हें श्वेताम्बर परम्परा पाँच प्रज्ञप्तियाँ कहती है।

षट्खण्डागम की धवला टीका में कहा गया है कि द्वीपसागरप्रज्ञप्ति नामका परिकर्म बावन लाख छत्तीस हजार पदों के द्वारा उद्धारपल्य से द्वीप और समुद्रों के प्रमाण तथा द्वीप-सागर के अन्तर्भूत नानाप्रकार के दूसरे पदार्थों का वर्णन करता है।[1]

षट्खण्डागम की धवला टीका का समय ई० सन् की नवीं शती का पूर्वार्ध माना जाता है। इससे यह प्रतिफलित होता है कि धवला के लेखक को इस ग्रन्थ की सूचना अवश्य थी। यद्यपि यह कहना कठिन है कि उनके सामने यह ग्रन्थ उपस्थित था अथवा नहीं। वस्तुतः परिकर्म में जिन पाँच ग्रन्थों का उल्लेख दिगम्बर परम्परा मान्य ग्रन्थों में मिलता है वे पाँचों ग्रन्थ श्वेताम्बर परम्परा में आज भी मान्य एवं उपलब्ध हैं। उनमें से व्याख्याप्रज्ञप्ति (भगवती) को पाँचवें अंग आगम के रूप में तथा सूर्य-प्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति को उपांग के रूप में और द्वीपसागरप्रज्ञप्ति को प्रकीर्णक ग्रन्थ के रूप में मान्य किया गया है। संभवतः धवलाटीकाकार ने भी इन ग्रन्थों का उल्लेख अनुश्रुति के आधार पर ही किया है। उसकी इस अनुश्रुति का आधार भी वस्तुतः यापनीय परम्परा रही है, क्योंकि वह परम्परा इन ग्रन्थों को मान्य करती थीं।

दृष्टिवाद के पाँच अधिकार और उसमें भी परिकर्म अधिकार के पाँच भेदों की जो चर्चा यहाँ की गई है उसकी विशेषता यह है कि उसमें जम्बू-द्वीपप्रज्ञप्ति आदि के साथ-साथ व्याख्याप्रज्ञप्ति (भगवती) को भी परिकर्म का विभाग माना गया है। यद्यपि श्वेताम्बर परम्परा में व्याख्याप्रज्ञप्ति को पाँचवा अंग आगम माना जाता है, किन्तु जब भी पंचप्रज्ञप्ति नामक ग्रन्थों की चर्चा का प्रसंग आया तब व्याख्याप्रज्ञप्ति को उसमें समाहित किया गया। ईस्वी सन् १३०६ में निर्मित विधिमार्गप्रपा नामक ग्रन्थ में आचार्य जिनप्रभ ने एक मतान्तर का उल्लेख करते हुए लिखा है "अण्णे पुण चंदपण्णत्ति सूरपण्णत्ति च भगवईउवंगे भणंति। तेसिं मएण उवासगद साईण पंचण्ह-मंगाणमुवंगं निरयावलियासुयक्खंधो।"[2] अर्थात् कुछ आचार्यों

---

१. दीवसायरपण्णत्ती बावण्ण-लक्ख-छत्तीस-पद-सहस्सेहि उद्धारपल्ल पमाणेण दीव-सायर-पमाणं अण्णं पि दीव-सायरंतब्भूदत्थं बहुभेयं वण्णेदि।
(षट्खण्डागम, १/१/२ पृष्ठ १०९)

२. विधिमार्गप्रभा, पृ० ५७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के अनुसार चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति दोनों ही भगवती के उपांग कहे गए हैं। उनके मत में उपासकदशांग आदि शेष पाँचों अंगों के उपांग निरयावलिया श्रुतस्कन्ध है। यहाँ विशेष रूप से दृष्टव्य यही है कि सूर्यप्रज्ञप्ति और चन्द्रप्रज्ञप्ति को व्याख्याप्रज्ञप्ति के साथ जोड़ा गया है। इससे यह अनुमान होता है कि एक समय श्वेताम्बर और यापनीय परम्पराओं में पाँचों प्रज्ञप्तियों को एक ही वर्ग के अन्तर्गत रखा जाता था। दिगम्बर परम्परा द्वारा धवला टीका में परिकर्म के पाँच विभागों में इन पाँचों प्रज्ञप्तियों की गणना करने का भी यही प्रयोजन प्रतीत होता है। स्थानांगसूत्र में जो अंगबाह्य चार प्रज्ञप्तियों का उल्लेख हुआ है वहाँ परिकर्म में उल्लिखित पाँच नामों में से व्याख्याप्रज्ञप्ति को छोड़कर शेष चार नामों को स्वीकृत किया गया गया है। संभवतः स्थानांगसूत्र के रचनाकार ने वहाँ व्याख्याप्रज्ञप्ति को इसलिए स्वीकृत नहीं किया कि उस समय तक व्याख्याप्रज्ञप्ति को एक स्वतन्त्र अंग आगम के रूप में मान्य कर लिया गया था। यद्यपि वह यह मानता है कि पाँचवीं प्रज्ञप्ति व्याख्याप्रज्ञप्ति है।

परिकर्म के इस समग्र वर्गीकरण के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि श्वेताम्बर परम्परा ने जो पाँच प्रज्ञप्तियाँ मानी थीं, दिगम्बर परम्परा ने उन्हें ही परिकर्म के पाँच विभाग माना है। दिगम्बर परम्परा में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति नाम का आज कोई भी स्वतन्त्र ग्रन्थ उपलब्ध नहीं होता है। षट्खण्डागम की धवला का उल्लेख भी मात्र अनुश्रुति पर आधारित है। जिस प्रकार दिगम्बर परम्परा में विशेषरूप से तत्त्वार्थ की दिगम्बर टीकाओं में उत्तराध्ययन, दशवैकालिक आदि को अगबाह्य के रूप में अनुश्रुति के आधार ही मान्य किया जाता रहा है उसी प्रकार द्वीपसागरप्रज्ञप्ति को भी अनुश्रुति के आधार पर ही मान्य किया गया है।

निर्ग्रन्थ संघ की अचेलधारा की यापनीय एवं दिगम्बर परम्पराओं में मध्यलोक का विवरण देनेवाले जो ग्रन्थ मान्य रहे हैं उनमें लोक विभाग (प्राकृत), तिलोयपण्णत्ति, त्रिलोकसार एवं लोकविभाग (संस्कृत) प्रमुख हैं, इसमें भी प्राकृत भाषा में लिखित लोकविभाग नामक प्राचीन ग्रन्थ, जिसके आधार पर संस्कृत भाषा में उपलब्ध लोकविभाग की रचना हुई है, वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। यद्यपि तिलोयपण्णत्ति में उस ग्रन्थ का अनेक बार उल्लेख हुआ है। पुनः संस्कृत लोकविभागकार ने तो स्वयं ही यह स्वीकार किया है कि मैंने लोकविभाग का भाषागत परिवर्तन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करके यह ग्रन्थ तैयार किया है।[1] इससे लगभग १३वीं शताब्दी में इस ग्रन्थ के अस्तित्व का प्रमाण मिलता है। संभव है संस्कृत म लोकविभाग की रचना के पश्चात् अथवा यापनीय परम्परा के समाप्त हो जाने से यह ग्रन्थ भी कालकवलित हो गया है। वर्तमान् में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति की विषयवस्तु दिगम्बर परम्परा में तिलोयपण्णत्ति, त्रिलोकसार और लोकविभाग में उपलब्ध होती है, इन सभी ग्रन्थों में तिलोयपण्णत्ति प्राचीन है। तिलोयपण्णत्ति का आधार संभवतः प्राचीन लोकविभाग (प्राकृत) रहा होगा, फिर भी आज स्पष्ट प्रमाण के अभाव में यह कहना कठिन है कि द्वीपसागरप्रज्ञप्ति से तिलोयपण्णत्ति या प्राचीन लोकविभाग आदि ग्रन्थ कितने प्रभावित हुए हैं।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति और त्रिलोकप्रज्ञप्ति (तिलोयपण्णत्ति) दोनों ही ग्रन्थों की विषयवस्तु लगभग समान है। त्रिलोकप्रज्ञप्ति में जम्बूद्वीप, मनुष्यक्षेत्र, देवलोक, नरक, तीर्थंकर, बलदेव तथा वासुदेव आदि का वर्णन है, जबकि द्वीपसागरप्रज्ञप्ति में मात्र मनुष्य क्षेत्र के बाहर के ही द्वीप-समुद्रों का उल्लेख हुआ है। इस दृष्टि से त्रिलोकप्रज्ञप्ति का विषय क्षेत्र द्वीपसागरप्रज्ञप्ति से व्यापक है। तुलनात्मक दृष्टि से विचार करने पर हम पाते हैं कि त्रिलोकप्रज्ञप्ति में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति की अपेक्षा अधिक विस्तृत एवं सुव्यवस्थित विवरण उपलब्ध है। अतः त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थ द्वीपसागरप्रज्ञप्ति की अपेक्षा निश्चय ही परवर्ती है। यद्यपि यह कहना कठिन है कि त्रिलोकप्रज्ञप्ति की रचना द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के आधार पर हुई है, किन्तु इतना निश्चित है कि त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थ द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के पश्चात् रचित है। क्योंकि स्थानांगसूत्र, आदि श्वेताम्बर आगमों और दिगम्बर परम्परा मान्य षट्खण्डागम की धवला टीका में जो प्रज्ञप्तियों का उल्लेख हुआ है उसमें कहीं भी त्रिलोकप्रज्ञप्ति का उल्लेख नहीं हुआ है जबकि द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख हुआ है।

त्रिलोकप्रज्ञप्ति का बहुत कुछ अंश दिगम्बर परम्परा के एक सम्प्रदाय के रूप में सुव्यवस्थित होने के पूर्व का है इसमें अनेक स्थलों पर आचार्यों की मान्यता भेद का भी उल्लेख हुआ है। इस सन्दर्भ में तिलोयपण्णत्ति ग्रंथ की प्रो० ए० एन० उपाध्ये द्वारा लिखित भूमिका विशेष रूप से दृष्टव्य है। यद्यपि लगभग ५वीं शताब्दी तक श्वेताम्बर, दिगम्बर और यापनीय इस रूप में जैन परम्परा में विभाजन नहीं हुआ था, किन्तु निर्ग्रन्थ संघ के भिन्न-

१. लोकविभाग, श्लोक ११/५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भिन्न आचार्य भिन्न-भिन्न मत रखते थे और अध्येताओं को उनका परिचय दे दिया जाता था। यहाँ अधिक विस्तृत चर्चा नहीं करके केवल एक-दो मान्यताओं की ही चर्चा की जा रही है—त्रिलोकप्रज्ञप्ति में देवलोकों की संख्या १२ और १६ मानने वाली दोनों ही मान्यताओं का उल्लेख हुआ है। इसी प्रकार महावीर के निर्वाणकाल को लेकर भी जो विभिन्न मान्यताएँ थीं, उनका उल्लेख भी इस ग्रन्थ में हुआ है। इससे यही फलित होता है कि त्रिलोकप्रज्ञप्ति के रचनाकाल तक सम्प्रदायगत तात्त्विक मान्यताएँ सुनिश्चित और सुस्थापित नहीं हो पाई थी। यद्यपि त्रिलोकप्रज्ञप्ति में पर्याप्त प्रक्षिप्त अंश भी है फिर भी इसमें सन्देह नहीं किया जा सकता कि यह मूल ग्रन्थ प्राचीन है। सामान्यतः विद्वानों ने त्रिलोकप्रज्ञप्ति का काल वीर निर्वाण के १००० हजार वर्ष पश्चात् ही निश्चित किया है क्योंकि उस अवधि के राजाओं के राज्यकाल का उल्लेख इस ग्रन्थ में मिलता है। त्रिलोकप्रज्ञप्ति का रचनाकाल ६ठीं शताब्दो से ११-वीं शताब्दी के मध्य कहीं भी स्वीकार करें, किन्तु इतना निश्चित है कि इसकी अपेक्षा द्वीपसागरप्रज्ञप्ति प्राचीन है क्योंकि इसकी रचना पाँचवीं शताब्दी के पूर्व हो चुकी थी।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के उल्लेख हमें स्थानांगसूत्र से लेकर षट्खण्डागम की धवला टीका तक में निरन्तर रूप से मिलते हैं। स्थानांगसूत्र और नन्दीसूत्र में उसके उल्लेखों से इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि कम से कम वी० नि० सं० ९८० में हुई इन आगम ग्रन्थों की अन्तिम वाचना के समय तक यह ग्रन्थ अवश्य ही अस्तित्व में आ चुका था। अतः द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का रचनाकाल वी० नि० सं० ९८० और महावीर निर्वाण ईस्वी पूर्व ५२७ मानने पर ईस्वी सन् ४५३ अर्थात् ईस्वी सन् की पाँचवीं शती का उत्तरार्द्ध मानना होगा। यह इस ग्रन्थ के रचनाकाल की निम्नतम सीमा है, किन्तु इससे पूर्व भी इस ग्रन्थ की रचना होना संभव है। क्योंकि स्थानांगसूत्र में हमें सबसे परवर्ती उल्लेख महावीर के संघ में हुए नौ गणों का मिलता है किन्तु ये सभी गण भी ईस्वी सन् की द्वितीय शताब्दी तक अस्तित्व में आ चुके थे। पुनः स्थानांगसूत्र में जिन सात निह्नवों की चर्चा है, उनमें बोटिक निह्नव का उल्लेख नहीं है। अन्तिम सातवाँ निह्नव वी० नि० सं० ५८४ में हुआ था जबकि बोटिकों की उत्पत्ति वी० नि० सं० ६०९ अथवा उसके पश्चात् बतलाई गई है। बोटिक निह्नव का उल्लेख स्थानांगसूत्र में नहीं होने से यह मान सकते है कि स्थानांगसूत्र वी० नि० सं० ६०९ के पूर्व की रचना है और उस अवधि के पश्चात्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसमें कोई प्रक्षेप नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का रचनाकाल ईस्वी सन् की प्रथम-द्वितीय शताब्दी भी माना जा सकता है। यह अवधि इस ग्रन्थ के रचनाकाल की उच्चतम सीमा है। इस प्रकार द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का रचनाकाल ई० सन् २ शती से ५ वीं शती के मध्य ही कहीं निर्धारित होता है।

जहाँ तक इस ग्रन्थ की विषयवस्तु का प्रश्न है वह भी अधिकांश रूप में स्थानांगसूत्र, सूर्यप्रज्ञप्ति, जीवाजीवाभिगमसूत्र तथा राजप्रश्नीय सूत्र आदि आगम ग्रन्थों में मिलती है। अतः यह ग्रन्थ इन ग्रन्थों का समकालीन या इनसे किंचित परवर्ती होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि गद्य आगमों की विषयवस्तु को सरलता पूर्वक याद करने की दृष्टि से पद्य रूप में संक्षिप्त संग्रहणी गाथाएँ बनाई गई थीं। किन्तु संग्रहणी गाथाएँ भी लगभग ईस्वी० सन् की प्रथम शताब्दी में बनना प्रारम्भ हो चुकी थीं। द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के नाम के साथ 'संग्रहणी गाथाएँ' शब्द जुड़ा हुआ है। इससे ऐसा लगता है कि आगमों में द्वीप-समुद्रों संबंधी जो विवरण थे, उनके आधार पर संग्रहणी गाथाएँ बनीं और उन गाथाओं को संकलित कर इस ग्रन्थ का निर्माण किया गया होगा। इस स्थिति में भी इस ग्रन्थ का रचनाकाल ई० सन् प्रथम शताब्दी से पाँचवीं शती के मध्य ही निर्धारित होता है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान श्वेताम्बर मान्य आगमों में उनके सम्पादन के समय अनेक संग्रहणी गाथाएँ डाल दी गई हैं।

पुनः प्रस्तुत ग्रन्थ में जिनमंदिरों और जिनप्रतिमाओं का सुव्यवस्थित उल्लेख प्राप्त होता हैं। जिन प्रतिमाओं के निर्माण के प्राचीनतम उल्लेख हमें नन्दों के शासनकाल (ई० पू० ४ थी) शती से ही मिलने लगते हैं। सम्राट खारवेल ने अपने हत्थीगुम्फा अभिलेख में यह सूचित किया है कि वह नन्दराजा द्वारा ले जाई गई कलिंगजिन की प्रतिमा को वापस लाया था।[1] मौर्यकाल (ई० पू० ३ री शती) की तो जिनप्रतिमाएँ भी आज मिलती हैं। ईस्वी सन् प्रथम-द्वितीय शताब्दी से तो मथुरा में निर्मित जिनमंदिरों और उनमें स्थापित जिनप्रतिमाओं के पुरातात्विक अवशेष मिलने लगते हैं। अतः जिनमंदिरों और जिनप्रतिमाओं के उल्लेखों के आधार पर भी यह ग्रन्थ ईस्वी सन् की प्रथम-द्वितीय शताब्दी के आसपास का प्रतीत होता है। इन उपलब्ध सभी प्रमाणों के आधार पर निष्कर्ष

---

१. तिवारी, मारुतिनन्दनप्रसाद-प्रतिमाविज्ञान, पृष्ठ १७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूप में कहा जा सकता है कि द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का रचनाकाल ईस्वी सन् की द्वितीय शताब्दी से पंचम शताब्दी के मध्य कहीं रहा है।

विषयवस्तु—

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति में कुल २२५ गाथाएँ हैं। ये सभी गाथाएँ मध्यलोक में मनुष्य क्षेत्र अर्थात् ढाई-द्वीप के आगे के द्वीप एवं सागरों की संरचना को प्रकट करती हैं। इस ग्रन्थ में निम्न विवरण उपलब्ध होता है—

ग्रन्थ के प्रारम्भ में किसी प्रकार का मंगल अभिधेय अथवा किसी की स्तुति आदि नहीं करके ग्रन्थकर्त्ता ने सीधे विषयवस्तु का ही स्पर्श किया है। यह इस ग्रन्थ की अपनी विशेषता है। ग्रन्थ का प्रारम्भ मानुषोत्तर पर्वत के विवरण से किया गया है। मानुषोत्तर पर्वत के स्वरूप को बतलाते हुए इसकी लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई, जमीन में गहराई तथा इसके ऊपर विभिन्न दिशा-विदिशाओं में स्थित शिखरों के नाम एवं विस्तार परिमाण का विवेचन किया गया है (१-१८)।

ग्रन्थ का प्रारम्भ मानुषोत्तर पर्वत से होने से ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं इस ग्रन्थ का पूर्व अंश विलुप्त तो नहीं हो गया है? क्योंकि यदि ग्रन्थकार को मध्यलोक का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करना इष्ट होता तो उसे सर्वप्रथम जम्बूद्वीप फिर लवण समुद्र तत्पश्चात् धातकीखण्ड फिर कालोदधि समुद्र और उसके बाद पुष्करवर द्वीप का उल्लेख करने के पश्चात् ही मानुषोत्तर पर्वत की चर्चा करनी चाहिए थी। किन्तु ऐसा नहीं करके लेखक ने मानुषोत्तर पर्वत की चर्चा से ही अपने ग्रन्थ को प्रारम्भ किया है। संभवतः इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि जम्बूद्वीप और मनुष्य क्षेत्र का विवरण स्थानांगसूत्र, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, व्याख्याप्रज्ञप्ति तथा जीवाजीवाभिगम आदि अन्य आगम ग्रन्थों में होने से ग्रन्थकार ने मानुषोत्तर पर्वत से ही अपने ग्रन्थ का प्रारम्भ किया है। ज्ञातव्य है मानुषोत्तर पर्वत के आगे के द्वीप-सागरों का विवरण स्थानांगसूत्र एवं जीवाजीवाभिगम आदि में भी उपलब्ध होता है।

ग्रन्थ में नलिनोदक सागर, सुरारस सागर, क्षीरजलसागर, घृतसागर तथा क्षोदरससागर में गोतीर्थ से रहित विशेष क्षेत्रों का तथा नन्दीश्वर द्वीप का विस्तार परिमाण निरूपित है (१९-२५)।

अंजन पर्वत और उसके ऊपर स्थित जिनमंदिरों का वर्णन करते हुए अंजन पर्वतों की ऊँचाई, जमीन में गहराई, अधोभाग, मध्यभाग तथा शिखर-तल पर उसकी परिधि और विस्तार बतलाया गया है साथ ही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह भी कहा है कि सुन्दर भौरों, काजल और अंजन धातु के समान कृष्णवर्ण वाले वे अंजन पर्वत गगनतल को छुते हुए शोभायमान हैं (२६-३७)।

प्रत्येक अंजन पर्वत के शिखर-तल पर गगनचुम्बी जिनमंदिर कहे गये हैं, उन जिनमन्दिरों की लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई का परिमाण बतलाने के साथ यह भी कहा गया है कि वहाँ नानामणिरत्नों से रचित मनुष्यों, मगरों, विहगों और व्यालों की आकृतियाँ शोभायमान हैं, जो सर्वरत्नमय, आश्चर्य उत्पन्न करने वाली तथा अवर्णनीय हैं (३८-४०)।

ग्रन्थ में है उल्लेख कि अंजन पर्वतों के एक लाख योजन अपान्तराल को छोड़ने के बाद चार पुष्करिणियाँ हैं, जो एक लाख योजन विस्तीर्ण तथा एक हजार योजन गहरी हैं। ये पुष्करिणियाँ स्वच्छ जल से भरी हुई हैं (४१-४३)। इन पुष्करिणियों की चारों दिशाओं में चैत्यवृक्षों से युक्त चार वनखण्ड बतलाए गए हैं (४४-४७)।

पुष्करिणियों के मध्य में रत्नमय दधिमुख पर्वत कहे गए हैं। दधिमुख पर्वतों की ऊँचाई एवं परिधि की चर्चा करते हुए उन पर्वतों को शंख समूह की तरह विशुद्ध, अच्छे जमे हुए दही के समान निर्मल, गाय के दुध की तरह उज्जवल एवं माला के समान क्रमबद्ध बतलाया हैं। इन पर्वतों के ऊपर भी गगनचुम्बी जिनमंदिर अवस्थित हैं, ऐसा उल्लेख हुआ है (४८-५१)।

ग्रन्थ में अंजन पर्वतों की पुष्करिणियों का उल्लेख करते हुए दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशा वाले अंजन पर्वतों की चारों दिशाओं में स्थित चार-चार पुष्करिणियों के नाम बतलाए गए हैं (५२-५७)। यहाँ पूर्व दिशा के अंजन पर्वत और उसकी चारों दिशाओं में पुष्करिणियाँ हैं अथवा नहीं, इसकी कोई चर्चा नहीं की गई है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के अनुसार नन्दीश्वर द्वीप में इक्यासी करोड़ इक्कानवें लाख पिच्चानवें हजार योजन अवगाहना करने पर रतिकर पर्वत हैं। ग्रन्थ में इन रतिकर पर्वतों की ऊँचाई, विस्तार, परिधि आदि का परिमाण बतलाते हुए पूर्व-दक्षिण, पश्चिम-दक्षिण, पश्चिम-उत्तर तथा पूर्व-उत्तर दिशा में स्थित रतिकर पर्वतों की चारों दिशाओं में एक लाख योजन विस्तीर्ण तथा तीन लाख योजन परिधि वाली चार-चार राजधानियों को पूर्वादि दिशाओं के अनुक्रम से चारों दिशाओं में स्थित माना है (५८-७०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुण्डल द्वीप का विस्तार दो हजार छः सौ इक्कीस करोड़ चौवालीस लाख योजन बतलाया गया है। ग्रन्थ में कुण्डल द्वीप के मध्य में स्थित प्राकार के समान आकार वाले कुण्डल पर्वत की ऊँचाई, जमीन में गहराई तथा अधो भाग, मध्य भाग और शिखर-तल के विस्तार का भी विवेचन किया गया है (७१-७५)।

कुण्डल पर्वत के ऊपर पूर्वादि दिशाओं के अनुक्रम से चारों दिशाओं में चार-चार—इस प्रकार कुल सोलह शिखर कहे गये हैं। साथ ही इन शिखरों के अधोभाग, मध्यभाग, और शिखर-तल की परिधि और विस्तार का परिमाण भी बतलाया गया है (७६-८३)। इन शिखरों पर पल्योपम काय-स्थिति वाले सोलह नागकुमार देव कहे गए हैं (८४-८६)।

कुण्डल पर्वत के भीतर उत्तर दिशा में ईशान लोकपालों की तथा दक्षिण दिशा में शक्र लोकपालों की सोलह-सोलह राजधानियाँ कही गई हैं। कुण्डल पर्वत के मध्य भाग में रतिकर पर्वत के समान परिमाण वाला वैश्रमणप्रभ पर्वत स्थित माना है। उस पर्वत को चारों दिशाओं में जम्बू-द्वीप के समान लम्बाई-चौड़ाई वाली चार राजधानियाँ हैं। इसी प्रकार वरुणप्रभ पर्वत, सोमप्रभ पर्वत तथा यमवृत्तिप्रभ पर्वत की चारों दिशाओं में भी चार-चार राजधानियाँ मानी गई हैं (८७-९७)।

कुण्डल पर्वत की भीतरी राजधानियों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि दक्षिण दिशा में शक्र देवराज की आठ अग्रमहिषियाँ और उनके नाम वाली आठ राजधानियाँ हैं तथा उत्तर दिशा में ईशान देवराज की आठ अग्रमहिषियाँ और उन्हीं के नाम वाली आठ राजधानियाँ हैं (९८-१०१)।

कुण्डल पर्वत के बाहर तैंतीस रमणीय रतिकर पर्वत माने गये हैं। इन पर्वतों को शक्र देवराज के जो तैंतीस देव हैं, उनके उत्पाद पर्वत बताया गया है। आगे की गाथाओं में शक्र देवराज और ईशान देवराज की अग्रमहिषियोंके नाम वाली आठ-आठ राजधानियों का उल्लेख हुआ है (१०२-१०९)।

ग्रन्थ में कुण्डल समुद्र और रुचक द्वीप के विस्तार परिमाण की संक्षिप्त चर्चा के पश्चात् रुचक द्वीप के मध्य में स्थित रुचक पर्वत की ऊँचाई, जमीन में गहराई, अधोभाग, मध्यभाग तथा शिखर-तल का उसका विस्तार परिमाण आदि बतलाया गया है (११०-११६)।

रुचक पर्वत के शिखर-तल पर पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-चारों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिशाओं में नानारत्नों से विचित्र प्रकाश करने वाले आठ-आठ शिखर माने गये हैं (११७-१२६)। इन शिखरों पर पूर्वादि दिशाओं के अनुक्रम से चारों दिशाओं में एक पल्योपम काय-स्थिति वाली आठ-आठ दिशा-कुमारियाँ कही गई हैं (१२७-१३५)। रुचक पर्वत पर पूर्वादि दिशाओं के अनुक्रम से द्वीपाधिपति देवों के चार आवास बतलाये गये हैं। पुनः यह कहा गया है कि इन्हीं नाम वाले आवास दिशाकुमारियों के भी हैं (१३६-१३८)। आगे पूर्वादि दिशाओं के अनुक्रम से चार-चार शिखरों का उल्लेख करते हुए कहा है कि इन शिखरों पर डेढ़ पल्योपम काय-स्थिति वाली दिशाकुमारियाँ रहती हैं (१३९-१४२)।

ग्रन्थ में पूर्वादि दिशाओं के अनुक्रम से चारों दिशाओं में चार दिग्हस्ति शिखर तथा उन पर डेढ़ पल्योपम काय-स्थिति वाले दिग्हस्ति देव कहे गये हैं (१४३-१४४)। आगे की गाथाओं में पूर्वादि दिशाओं के अनुक्रम से चारों दिशाओं में चार शिखर कहे गये हैं, उन शिखरों को सविशेष पल्योपम काय-स्थिति वाली विद्युतकुमारी देवियों के माने हैं (१४५-१४८)।

ग्रन्थ में उल्लेख है कि रुचक पर्वत के बाहर आठ लाख चौरासी हजार योजन चलने पर रतिकर पर्वत आते हैं। इन रतिकर पर्वतों को शक्र, ईशान और सामानिक देवों के उत्पाद पर्वत माना गया है। उत्पाद पर्वतों की चारों दिशाओं में जम्बूद्वीप के समान लम्बाई-चौड़ाई वाली चार राजधानियाँ कही गई हैं (१४९-१५५)।

ग्रन्थ में जम्बूद्वीप आदि द्वीप-समुद्रों तथा मानुषोत्तर पर्वत पर दो-दो, एवं रुचक पर्वत पर तीन अधिपति देव माने हैं। इनके पश्चात् स्थित अन्य द्वीप-समुद्रों में उनके समान नाम वाले अधिपति देव माने गये हैं। पुनः यह भी कहा गया है कि एक समान नाम वाले असंख्य देव होते हैं (१५६-१६३)। वासों, द्रहों, वर्षधर पर्वतों, महानदियों, द्वीपों और समुद्रों के अधिपति देव एक पल्योपम कायस्थिति वाले कहे गए हैं। आगे यह भी उल्लिखित है कि द्वीपाधिपति देवों की उत्पत्ति द्वीप के मध्य में तथा समुद्राधिपति देवों की उत्पत्ति विशेष क्रीड़ा-द्वीपों में होती है (१६४-१६५)।

रुचक समुद्र में असंख्यात् द्वीप-समुद्र हैं। रुचक समुद्र में पहले अरुण द्वीप और उसके बाद अरुण समुद्र आता है। अरुण समुद्र में दक्षिण दिशा की ओर तिगिञ्छि पर्वत माना गया है। तिगिञ्छि पर्वत का विस्तार एवं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिधि अधोभाग तथा शिखर-तल पर अधिक किन्तु मध्यभाग में कम बतलाई गयी है। यद्यपि पर्वत के सन्दर्भ में ऐसी कल्पना करना उचित नहीं है कि उसकी अधोभाग तथा शिखर-तल की परिधि एवं विस्तार अधिक हो तथा उसकी मध्यवर्ती परिधि एवं विस्तार कम हो, किन्तु ग्रन्थ में आगे यह भी कहा गया है कि तिगिञ्छि पर्वत का मध्यवर्ती भाग उत्तम वज्र जैसा है (१६६-१७१)। इस आधार पर तिगिञ्छि पर्वत का यही आकार बनता है। तिगिञ्छि पर्वत को रत्नमय पद्मवेदिकाओं, वनखण्डों तथा अशोक-वृक्षों से घिरा हुआ कहा है (१७२-१७३)।

तिगिञ्छि पर्वत की दक्षिण दिशा की ओर चमरचंचा राजधानी कही गई है। इस राजधानी का विस्तार एक लाख योजन तथा परिधि तीन लाख योजन मानी गई है। साथ ही यह भी माना गया है कि यह राजधानी भीतर से चौरस और बाहर से वर्तुलाकार है। आगे की गाथाओं में चमरचंचा राजधानी के स्वर्णमय प्राकारों, दरवाजों, राजधानी के प्रवेश मार्गों तथा देव विमानों का विस्तार परिमाण उल्लिखित है (१७४-१८६)।

ग्रन्थ में चमरचंचा राजधानी के प्रासाद की पूर्व-उत्तर दिशा में सुधर्मासभा मानी गई है। उसके बाद चैत्यगृह, उपपातसभा, ह्रद, अभिषेक सभा, अलंकार सभा और व्यवसाय सभा का वर्णन किया गया है (१८७-१८८)। सुधर्मा सभा की तीन दिशाओं में आठ योजन ऊँचे तथा चार योजन चौड़े तीन द्वार माने गये हैं। उन द्वारों के आगे मुखमण्डप, उनमें प्रेक्षागृह और प्रेक्षागृहों में अक्षवाटक आसन होना माना गया है। प्रेक्षागृहों के आगे स्तूप तथा उन स्तूपों की चारों दिशाओं में एक-एक पीठिका है। प्रत्येक पीठिका पर एक-एक जिनप्रतिमा मानी गई है। स्तूपों के आगे की पीठिकाओं पर चैत्य वृक्ष, चैत्य वृक्षों के आगे मणिमय पीठिकाएँ, उन पीठिकाओं के ऊपर महेन्द्र ध्वज तथा उनके आगे नंदा पुष्करिणियाँ मानी गई हैं। तथा यह कहा गया है कि यही वर्णन जिन-मन्दिरों तथा शेष बची हुई सभाओं का भी है (१८९-१९५)। किन्तु जो कुछ भिन्नता है उसको आगे की गाथाओं में कहा गया है।

बहुमध्य भाग में चबुतरा, चबुतरे पर मानवक चैत्य स्तम्भ, चैत्य स्तम्भ पर फलकें, फलकों पर खूटियाँ, खूटियों पर लटके हुए वज्रमय गीकें, सीकों में डिब्बे तथा उन डिब्बों में जिनभगवान् की अस्थियाँ मानी गई हैं (१९६-१९७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मानवक चैत्य स्तम्भ की पूर्व दिशा में आसन, पश्चिम दिशा में शय्या, शय्या की उत्तर दिशा में इन्द्रध्वज तथा इन्द्रध्वज की पश्चिम दिशा में चौप्पाल नामक शस्त्र भण्डार माना गया है और कहा है कि वहाँ स्फटिक मणियों एवं शस्त्रों का खजाना रखा हुआ है (१९८-१९९)।

ग्रन्थ में जिनमंदिर और जिनप्रतिमाओं का विशेष विवरण उपलब्ध है। जिनमंदिर में जिनदेव की एक सौ आठ प्रतिमाओं, प्रत्येक प्रतिमा के आगे एक-एक घण्टा तथा प्रत्येक प्रतिमा के दोनों पार्श्व में दो-दो चँवरधारी प्रतिमाएँ मानी गई हैं। शेष सभाओं में भी पीठिका, आसन, शय्या, मुखमण्डप, प्रेक्षागृह, ह्रद, स्तूप, चैत्य स्तम्भ, ध्वज एवं चैत्य वृक्षों आदि का यही वर्णन निरूपित किया गया है (२००-२०६)।

ग्रन्थ के अनुसार चमरचंचा राजधानी की उत्तर दिशा में अरुणोदक समुद्र में पाँच आवास हैं। आगे सोमनसा, सुसीमा तथा सोम-यमा नामक तीन राजधानियाँ और उनका परिमाण बतलाया गया है। यह भी कहा गया है कि वहाँ वरुणदेव के चौदह हजार तथा नलदेव के सोलह हजार आवास हैं। इन राजधानियों के बाहरी वर्तुल पर सैनिकों और अंगरक्षकों के आवास माने गये हैं। पुनः अरुण समुद्र में उत्तर दिशा की ओर भी सोमनसा, सुसीमा और सोम-यमा-ये तीनों राजधानियाँ मानी गई हैं, अन्तर यह है कि यहाँ स्थित इन राजधानियों का विस्तार परिमाण उन राजधानियों से दो हजार योजन अधिक माना गया है। यहाँ वरुणदेव और नलदेव के आवासों की चर्चा करते हुए उनके भी दो-दो हजार आवास अधिक माने गए हैं, जो विचारणीय हैं (२०७-२१८)।

जम्बूद्वीप में दो, मानुषोत्तर पर्वत में चार तथा अरुण समुद्र में देवों के छः आवास माने गये हैं तथा कहा गया है कि उन आवासों में ही उन देवों की उत्पत्ति होती है। असुरकुमारों, नागकुमारों एवं उदधिकुमारों के आवास अरुण समुद्र में माने गये हैं और उन्हीं में उनकी उत्पत्ति होना माना गया है। इसी प्रकार द्वीपकुमारों, दिशाकुमारों, अग्निकुमारों तथा स्तनितकुमारों के आवास अरुण द्वीप में माने गए हैं और यह कहा गया है कि उन्हीं में उनकी उत्पत्ति होती है (२२१-२२३)।

ग्रन्थ की अन्तिम दो गाथाओं में चन्द्र-सूर्यों की संख्या का निरूपण करते हुए कहा गया है कि पुष्करवर द्वीप के ऊपर एक सौ चौवालीस चन्द्र

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और एक सौ चौवालीस सूर्यों की पंक्तियाँ हैं। इसके आगे के द्वीप-समुद्रों में चन्द्र-सूर्यों की पंक्तियों में चार गुणा वृद्धि होती है। ग्रन्थ का समापन यह कहकर किया गया है कि जो द्वीप और समुद्र जितने लाख योजन विस्तार वाला होता है वहाँ उतनी ही चन्द्र और सूर्यों की पंक्तियाँ होती हैं (२२४-२२५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति प्रकीर्णक और अन्य आगम ग्रन्थ तुलनात्मक विवरण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषयवस्तु की तुलना—

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति प्रकीर्णक की विषयवस्तु श्वेताम्बर परम्परा के मान्य आगम ग्रन्थों में कहाँ एवं किस रूप में उपलब्ध है, इसका तुलनात्मक विवरण इस प्रकार है—

[१] पुक्खरवरदीवड्ढं परिक्खिवइ माणुसोत्तरो सेलो ।
पायारसरिसरूवो विभयंतो माणुसं लोयं ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा १)

[२] सत्तरस एक्कवीसाइं जोयणसयाइं १७२१ सो समुव्विद्धो ।
चत्तारि य तीसाइं मूले कोसं ४३०½ च ओगाढो ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा २)

[३] दस बावीसाइं अहे वित्थिण्णो होइ जोयणसयाइं १०२२ ।
सत्त य तेवीसाइं ७२३ वित्थिण्णो होइ मज्झम्मि ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा ३)

[४] तस्सुवरि माणुसनगस्स कूडा दिसि विदिसि होंति सोलस उ ।
तेसिं नामावलियं अहक्कमं कित्तइस्सामि ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा ५)

[५] एगासि एगनउया पंचाणउइं भवे सहस्साइं ।
तिण्णेव जोयणसए ८१९१९५३०० ओगाहित्ताण अंजणगा ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा २६)

[६] चुलसीइ सहस्साइं ८४००० उव्विद्धा, ते गया सहस्समहे १००० ।
धरणियले वित्थिण्णा अणूणगे ते दस सहस्से १०००० ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा २७)

[७] विक्खंभेणंजणगा सिहरतले होंति जोयणसहस्सं १००० ।
तिन्नेव सहस्साइं बावट्ठसयं ३१६२ परिरएणं ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा ३५)

[८] अंजणगपव्वयाणं सिहरतलेसुं हवंति पत्तेयं ।
अरहंताययणाइं सीहनिसाईणि तुंगाइं ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा ३८)

ततः कनकचित्रा च सौदामिन्युत्तरे स्थिताः॥
(लोकविभाग, श्लोक ४/८४)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[४०] पियदंसणे १ पभासे २ काले देवे १ तहा महाकाले २।
पउमे १ य महापउमे २, सिरीधरे १ महिधरे २ चेव ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा १५७)

[४१] पभे १ य सुप्पभे २ चेव, अग्गिदेवे १ तहेव अग्गिजसे २।
कणगे १ कणगप्पभे २ चेव, तत्तोकंते १ य अइकंते २ ॥
दामड्ढी १ हरिवारण २ ततो सुमणे १ य सोमणंसे २ य।
अविसोग १ वियसोगे २ सुभद्दभद्दे १ सुमणभद्दे २ ॥
(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, गाथा १५८-१५९)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[४०] द्वीपस्स प्रथमस्यास्य व्यन्तरोऽनादरः प्रभुः।
सुस्थिरो लवणस्यापि प्रभासप्रियदर्शनौ॥
कालश्चैव महाकालः कालोदे दक्षिणोत्तरौ।
पद्मश्च पुण्डरीकश्च पुष्कराधिपती सुरौ॥
(लोकविभाग, श्लोक ४/२४-२५)

[४१] चक्षुष्मांश्च सुचक्षुश्च मानुषोत्तर पर्वते।
द्वौ द्वावेवं सुरौ वेद्यौ द्वीपे तत्सागरेऽपि च॥
श्रीप्रभ श्रीधरौ देवौ वरुणो वरुणप्रभः।
मध्यश्च मध्यमश्चोभौ वारुणीवरसागरे॥
पाण्ड(ण्डु)रः पुष्पदन्तश्च विमलो विमलप्रभः।
सुप्रभस्य(श्च) घृताख्यस्य उत्तरश्च महाप्रभः॥
कनकः कनकाभश्च पूर्णः पूर्णप्रभस्तथा।
गन्धश्चान्यो महागन्धो नन्दी नन्दिप्रभस्तथा॥
भद्रश्चैव सुभद्रश्च अरूणश्चारूणप्रभः।
सुगन्धः सर्वगन्धश्च अरूणोदे तु सागरे॥
एवं द्वीपसमुद्राणां द्वौ द्वावधिपती स्मृतौ।
दक्षिणः प्रथमोक्तोऽत्र द्वितीयश्चोत्तरापतिः॥
(लोकविभाग, श्लोक ४/२६-३१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वीपसागर प्रज्ञप्ति की विषयवस्तु का आगम एवं आगम तुल्य मान्य अन्य ग्रन्थों के साथ किए गए इस तुलनात्मक विवेचन से स्पष्ट होता है कि मानुषोत्तर पर्वत का उल्लेख स्थानांगसूत्र, सूर्यप्रज्ञप्ति, तिलोयपण्णत्ति, हरिवंशपुराण एवं लोकविभाग आदि ग्रन्थों में हुआ है। मानुषोत्तर पर्वत की लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई तथा उसकी जमीन में गहराई आदि के विवेचन को लेकर इन ग्रन्थों में कोई भिन्नता दृष्टिगोचर नहीं होती है, किन्तु मानुषोत्तर पर्वत के ऊपर स्थित शिखरों की संख्या इन ग्रन्थों में भिन्न-भिन्न बताई गई है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में मानुषोत्तर पर्वत के ऊपर सोलह शिखर होना माना गया है (५)। किन्तु तिलोयपण्णत्ति, लोकविभाग तथा हरिवंश पुराण में ऐसे शिखरों की संख्या भिन्न-भिन्न बतलाई गई है। तिलोयपण्णत्ति में इन शिखरों की संख्या बाईस तथा लोकविभाग व हरिवंश पुराण में इनकी संख्या अठारह मानी गई है। पूर्वादि चारों दिशाओं में अनुक्रम से चार-चार शिखर होना सभी ग्रन्थों में समान रूप से स्वीकार किया गया है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति में यद्यपि सोलह शिखरों का उल्लेख हुआ है, किन्तु नाम केवल बारह शिखरों के ही बतलाए गए हैं (६-७)। शेष चार शिखरों के नामों का उक्त ग्रन्थ में कहीं कोई उल्लेख नहीं किया गया है। तिलोयपण्णत्ति में जो बाईस शिखरों का उल्लेख हुआ है उस अनुसार चारों दिशाओं में तीन-तीन, दो अग्निदिशा में, दो ईशान दिशा में, एक वायव्य दिशा में तथा एक शिखर नैत्तृव्य दिशा में है। शेष चार शिखरों के विषय में कहा है कि ये शिखर चारों दिशाओं में बतलाए गए शिखरों की अग्रभूमियों में एक-एक हैं। लोकविभाग तथा हरिवंश पुराण में इन शिखरों की संख्या यद्यपि अठारह मानी गई हैं किन्तु ये शिखर कहाँ स्थित है, इस विषयक दोनों ग्रन्थों में भिन्नता दृष्टिगोचर होती है। लोकविभाग के अनुसार चारों दिशाओं तथा ईशान और आग्नेय विदिशाओं में तीन-तीन शिखर स्थित हैं। हरिवंश पुराण के अनुसार चारों दिशाओं में तीन-तीन, ईशान और आग्नेय विदिशाओं में दो-दो तथा नैत्तृव्य और वायव्य विदिशाओं में एक-एक शिखर स्थित है।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति में चारों दिशाओं में तीन-तीन शिखर तथा शेष चार शिखर विदिशाओं में स्थित माने हैं, किन्तु यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि कौनसी विदिशा में कितने शिखर हैं। संभव है द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के अनुसार प्रत्येक विदिशा में एक-एक शिखर होना चाहिए। हमें यह संभा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वना सत्य के इसलिए करीब लगती है क्योंकि स्थानांगसूत्र में भी चारों विदिशाओं में चार शिखरों का उल्लेख हुआ है।

नन्दीश्वर द्वीप का विस्तार द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, स्थानांगसूत्र, हरिवंश पुराण एवं लोकविभाग आदि ग्रन्थों में १६३८४००००० योजन बतलाया गया है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति तथा स्थानांगसूत्र के अनुसार नन्दीश्वर द्वीप में ८१९१९५३०० योजन जाने पर अंजन पर्वत आते हैं। हरिवंश पुराण तथा लोकविभाग के अनुसार अंजन पर्वत नन्दीश्वर द्वीप के मध्य में हैं।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, स्थानांगसूत्र, समवायांगसूत्र एवं लोकविभाग आदि ग्रन्थों में अंजन पर्वतों की ऊँचाई ८४००० योजन मानी गई है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति तथा स्थानांगसूत्र के अनुसार इन पर्वतों की जमीन में गहराई १००० योजन है तथा इनका विस्तार अधोभाग में १०००० योजन एवं शिखर-तल पर १००० योजन है। लोकविभाग में इन पर्वतों का विस्तार मूल, मध्य व शिखर-तल पर भी ऊँचाई के बराबर अर्थात् ८४००० योजन ही माना गया है। पुनः इन पर्वतों की जमीन में गहराई लोकविभाग में १००० योजन ही मानी गई है।

द्वीपसागर प्रज्ञप्ति और स्थानांगसूत्र में प्रत्येक अंजन पर्वत के शिखर-तल पर जिनमंदिर कहे गये हैं। दोनो ग्रन्थों में जिनमन्दिरों की लम्बाई १०० योजन तथा चौड़ाई ५० योजन मानी गई है, किन्तु ऊँचाई के परिमाण को लेकर दोनों ग्रन्थों में भिन्नता दृष्टिगोचर होती है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति के अनुसार इन मन्दिरों की ऊँचाई ७५ योजन है जबकि स्थानांगसूत्र में यह ऊँचाई ७२ योजन मानी गई है।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, स्थानांगसूत्र, जीवाजीवाभिगमसूत्र, हरिवंश पुराण तथा लोकविभाग के अनुसार अंजन पर्वत के १००००० योजन अपान्तराल के पश्चात् पूर्वादि अनुक्रम से चारों दिशाओं में १००००० योजन वाली चार-चार पुष्करिणियाँ हैं। यद्यपि इन सभी ग्रन्थों में यह माना गया है कि इन पुष्करिणियों की चारों दिशाओं में क्रमशः चार-चार वनखण्ड हैं किन्तु वनखण्डों का परिमाण सभी ग्रन्थों में भिन्न-भिन्न बतलाया गया है। द्वीपसागरप्रज्ञप्ति में इन वनखण्डों की लम्बाई १००००० योजन तथा चौड़ाई मात्र ५०० योजन मानी गई है। जीवाजीवाभिगमसूत्र में लम्बाई सविशेष १२००० योजन तथा चौड़ाई ५०० योजन मानी गई है। हरिवंश पुराण तथा लोकविभाग में इन ननखंडों की लम्बाई १००००० योजन तथा चौड़ाई ५०००० योजन बतलाई गई है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुष्करिणियों के मध्य में दधिमुख पर्वत हैं, यह उल्लेख द्वीपसागर-प्रज्ञप्ति, स्थानांगसूत्र, हरिवंश पुराण एवं लोकविभाग आदि ग्रन्थों में मिलता है। इन सभी ग्रन्थों में वनखण्डों की संख्या एवं विस्तार परिमाण भिन्न-भिन्न बतलाया गया है। दधिमुख पर्वतों की संख्या के सन्दर्भ में द्वीपसागर प्रज्ञप्ति तथा स्थानांगसूत्र में कोई उल्लेख नहीं मिलता है किन्तु द्वीपसागर प्रज्ञप्ति में यह उल्लिखित है कि दधिमुख पर्वतों का विस्तार १०००० योजन तथा ऊँचाई ६४ (हजार) योजन है। हरिवंशपुराण तथा लोकविभाग के अनुसार दधिमुख पर्वत सोलह हैं तथा इनकी लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई दस-दस हजार योजन है।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति में दधिमुख पर्वतों के ऊपर जिनमन्दिर कहे गये हैं जबकि लोकविभाग के अनुसार पुष्करिणियों के बाह्य कोने में दधिमुख पर्वतों के समान ३२ रतिकर पर्वत हैं, उन पर्वतों के ऊपर ५२ जिन-मन्दिर हैं।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, स्थानांगसूत्र, हरिवंशपुराण तथा लोकविभाग आदि ग्रन्थों में यद्यपि यह उल्लिखित है कि चारों दिशाओं वाले अंजन पर्वतों की चारों दिशाओं में चार-चार पुष्करिणियाँ हैं तथापि इनमें से एक भी ग्रन्थ में पूर्व दिशा वाले अंजन पर्वत की चारों दिशाओं में स्थित पुष्करिणियों का कोई उल्लेख नहीं हुआ है। पुनः दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशा वाले अंजन पर्वतों की चारों दिशाओं में बताई गई पुष्करिणियों के नाम यद्यपि लगभग समान हैं, किन्तु किस दिशा में कौनसी पुष्करिणियाँ स्थित हैं, इस विषयक इन सभी ग्रन्थों में भिन्नता दृष्टिगोचर होती है। द्वीपसागरप्रज्ञप्ति तथा स्थानांगसूत्र में भद्रा आदि जिन चार पुष्करिणियों को दक्षिण दिशा वाले अंजन पर्वत की चारों दिशाओं में स्थित माना है उन्हें हरिवंशपुराण में पूर्व दिशा वाले अंजन पर्वत की चारों दिशाओं में स्थित बतलाया है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति में जो चार पुष्करिणियाँ पश्चिम दिशा वाले अंजन पर्वत की चारों दिशाओं में मानी गई हैं, उन्हें स्थानांग-सूत्र में उत्तर दिशा में, हरिवंश पुराण में दक्षिण दिशा में तथा लोक-विभाग में पश्चिम दिशा में स्थित अंजन पर्वत की चारों दिशाओं में स्थित माना गया है। इस प्रकार इन पुष्करिणियों की अवस्थिति को लेकर इन सभी ग्रन्थों में भिन्नता दृष्टिगोचर होती है।

नन्दीश्वर द्वीप के मध्य में चारों विदिशाओं में चार रतिकर पर्वत हैं, यह उल्लेख द्वीपसागर प्रज्ञप्ति, स्थानांगसूत्र, हरिवंश पुराण तथा लोक-विभाग आदि ग्रन्थों में मिलता है। इन सभी ग्रन्थों में इन पर्वतों की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऊँचाई १००० योजन तथा विस्तार १०००० योजन बतलाया गया है।

द्वीपसागर प्रज्ञप्ति, हरिवंशपुराण तथा लोकविभाग आदि ग्रन्थों के अनुसार कुण्डल द्वीप के मध्य में कुण्डल पर्वत है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति तथा हरिवंशपुराण में इन पर्वतों की ऊँचाई ४२००० योजन तथा जमीन में गहराई १००० योजन मानी गई है। किन्तु लोकविभाग के अनुसार इन पर्वतों की ऊँचाई ७५००० योजन है। तीनों ग्रन्थों में यह भी उल्लिखित है कि कुण्डल पर्वत के ऊपर चारों दिशाओं में चार-चार शिखर हैं। इन शिखरों के नाम भी इन ग्रन्थों में लगभग समान बतलाए गए हैं।

रुचक पर्वत के शिखर तल पर चारों दिशाओं में आठ-आठ शिखर हैं, यह उल्लेख द्वीपसागर प्रज्ञप्ति, स्थानांगसूत्र एवं लोकविभाग में मिलता है। इन शिखरों के नाम एवं दिशा क्रम भी इन तीनों ग्रन्थों में लगभग समान रूप से निरूपित है। किन्तु हरिवंश पुराण में इन शिखरों का नामोल्लेख नहीं हुआ है।

द्वीपसागर प्रज्ञप्ति तथा व्याख्याप्रज्ञप्ति के अनुसार रुचक समुद्र में असंख्यात् द्वीप-समुद्र हैं। रूचक समुद्र में जाने पर पहले अरुणद्वीप और उसके बाद अरुण समुद्र आता है। अरूण समुद्र में दक्षिण दिशा की ओर ४२००० योजन जाने पर १७२१ योजन ऊँचा तिगिञ्छि पर्वत आता है। दोनों ही ग्रन्थों में यह भी कहा गया है कि इस पर्वत का अधोभाग तथा शिखर-तल विस्तीर्ण है और मध्य भाग में यह पर्वत संकीर्ण है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति में इस पर्वत का विस्तार अधोभाग में १०२२ योजन, मध्यभाग में ४२४ योजन तथा शिखर-तल पर ७२३ योजन बतलाया गया है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति प्रकीर्णक में अंजन पर्वत, दधिमुख पर्वत, रतिकर पर्वत, कुण्डल पर्वत तथा रुचक पर्वत आदि अनेक पर्वतों का विस्तार अधोभाग में अधिक, उससे कम मध्य भाग में और सबसे कम शिखर-तल का बतलाया गया है। किन्तु तिगिञ्छि पर्वत का मध्यवर्ती विस्तार कम बतलाया गया है। यद्यपि पर्वत के सन्दर्भ में ऐसी कल्पना नहीं की जा सकती कि उसका मध्यवर्ती भाग संकीर्ण हो तथापि दोनों ग्रन्थों में यह उल्लेख है कि इस पर्वत का मध्यवर्ती भाग वज्रमय है, इस आधार पर इस पर्वत का यही आकार निर्मित होता है।

द्वीपसागर प्रज्ञप्ति के अनुसार तिगिञ्छि पर्वत की दक्षिण दिशा की ओर ६५५३५५०००० योजन चलने पर तथा वहाँ से नीचे रत्नप्रभा पृथ्वी की ओर ४०००० योजन चलने पर १००००० योजन विस्तार वाली

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चमरचंचा राजधानी आती है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति तथा राजप्रश्नीयसूत्र में चमरचंचा राजधानी के प्रासादों की लम्बाई १२५ योजन, चौड़ाई ६२½ योजन तथा ऊँचाई ३१¼ योजन मानी गई है।

सुधर्मा सभा की तीन दिशाओं में आठ द्वार द्वीपसागर प्रज्ञप्ति, राजप्रश्नीयसूत्र तथा जीवाजीवाभिगम में समान रूप से माने गये हैं, अन्तर मात्र यह है कि द्वीपसागर प्रज्ञप्ति में उन द्वारों का प्रवेशमार्ग और विस्तार चार योजन माना गया है। राजप्रश्नीयसूत्र में उन द्वारों की ऊँचाई सोलह योजन तथा प्रवेशमार्ग और चौड़ाई आठ योजन कही गई है जबकि जीवाजीवाभिगम में उन द्वारों की ऊँचाई दो योजन तथा चौड़ाई और प्रवेश मार्ग एक योजन का कहा गया है। द्वीपसागर प्रज्ञप्ति में जिन-अस्थियों, जिनप्रतिमाओं तथा जिनमन्दिरों का जो विवरण उल्लिखित है वह राजप्रश्नीयसूत्र तथा जीवाजीवाभिगम में अधिक विस्तारपूर्वक निरूपित है।

प्रस्तुत तुलनात्मक विवरण से स्पष्ट होता है कि पर्वत, शिखर के नामों एवं विस्तार परिमाण आदि में कहीं किंचित मतभेद को छोड़कर सामान्यतया जैनधर्म की सभी परम्पराओं में मध्यलोक और विशेषरूप से मनुष्य क्षेत्र के आगे के द्वीप समुद्रों के विवरण में समानता परिलक्षित होती है। विवरणगत समानता होते हुए भी इन ग्रन्थों में भाषागत और शैलीगत भिन्नता हैं। इस आधार पर मात्र यही कहा जा सकता है कि इन सभी ग्रन्थों का आधार मूल में एक ही रहा होगा। यद्यपि इन ग्रन्थों की विषयवस्तु एवं रचनाकाल से एक क्रम स्थापित किया जा सकता है तथापि यह कहना अत्यन्त कठिन है कि किस ग्रन्थ की कितनी विषयवस्तु दूसरे अन्य ग्रन्थों में गई है।

श्वेताम्बर परम्परा में मध्यलोक सम्बन्धी विवरण सर्वप्रथम अंग आगमों में स्थानांगसूत्र और भगवतीसूत्र में, उपांग साहित्य में--राजप्रश्नीयसूत्र, जीवाजीवाभिगमसूत्र, सूर्यप्रज्ञप्ति और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति आदि में मिलते हैं। जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति जम्बूद्वीप एवं लवण समुद्र का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती है। धातकीखण्ड आदि का विवरण स्थानांग और सूर्यप्रज्ञप्ति में मिलता है, किन्तु उनकी अपेक्षा जोवाजीवाभिगम में यह विवरण अधिक व्यवस्थित व क्रमबद्ध रूप से निरुपित है। मनुष्य क्षेत्र के बाहर का विवरण मुख्य रूप से स्थानांगसूत्र और जीवाजीवाभिगम में पाया जाता है। जीवाजीवाभिगम की अपेक्षा भी द्वीपसागरप्रज्ञप्ति में यह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषयवस्तु अधिक विस्तारपूर्वक उल्लिखित है। विषयवस्तु के विकासक्रम के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि द्वीपसागरप्रज्ञप्ति की रचना अंग और उपांग साहित्य के इन विषयों से सम्बन्धित ग्रन्थों के बाद ही हुई है। फिर भी जैसा कि हम पूर्व में भी सूचित कर चुके हैं; यह ग्रन्थ आगमों की अन्तिम वाचना (वि० नि० सं० ९८०) के पूर्व अस्तित्व में आ चुका था।

प्राकृत भाषा में पद्यरूप में निर्मित लोकविवेचन से सम्बन्धित ग्रन्थों में आज हमारे सामने द्वीपसागरप्रज्ञप्ति और त्रिलोकप्रज्ञप्ति दोनों ही ग्रन्थ उपलब्ध हैं, प्राकृत लोकविभाग आज अनुपलब्ध है। वर्तमान में जहाँ द्वीपसागरप्रज्ञप्ति श्वेताम्बर परम्परा में मान्य है वहीं त्रिलोकप्रज्ञप्ति दिगम्बर परम्परा में मान्य है। त्रिलोकप्रज्ञप्ति में प्रक्षिप्तों की अधिकता के कारण उसके रचनाकाल का पूर्ण निश्चय एक विवादास्पद प्रश्न है, किन्तु विषयसामग्री की व्यापकता आदि को देखकर यह अनुमान किया जा सकता है कि यह ग्रन्थ द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के बाद कभी रचा गया है। वैसे भी यदि हम देखें तो त्रिलोकप्रज्ञप्ति का चतुर्थ अधिकार (अध्याय) द्वीप-सागरप्रज्ञप्ति नाम से ही है। इस आधार पर भी यह कहा जा सकता है कि त्रिलोकप्रज्ञप्ति के रचनाकार के समक्ष यह ग्रन्थ अवश्य उपस्थित रहा है। त्रिलोकप्रज्ञप्ति के प्रक्षिप्त अंशों को अलग करने के पश्चात् उसका जो स्वरूप निर्धारित होता है, वह मूलतः यापनीयों का रहा है। क्योंकि यापनीय ग्रन्थों की यह विशेषता रही है कि वे अपने समय में उपस्थित आचार्यों की विभिन्न मान्यताओं का निर्देश करते हैं और ऐसा निर्देश त्रिलोकप्रज्ञप्ति में पाया जाता है। यद्यपि यह सब कहना एक स्वतन्त्र निबन्ध का विषय है और यह चर्चा यहाँ अधिक प्रासंगिक भी नहीं है। यहाँ तो हम इतना ही बताना चाहते हैं कि द्वीपसागरप्रज्ञप्ति अपेक्षाकृत संक्षिप्त और उस काल की रचना है जब आगम साहित्य को मुखाग्रही रखा जाता था जबकि त्रिलोकप्रज्ञप्ति एक विकसित और परवर्ती रचना है।

प्रस्तुत कृति में जिनअस्थियों, जिनप्रतिमाओं, जिनमंदिरों और चैत्यों आदि के स्पष्ट उल्लेख देखे जाते हैं इससे यह फलित होता है कि यह ग्रन्थ जैन परम्परा में तभी निर्मित हुआ जब उसमें जिनप्रतिमाओं और जिनमंदिरों का निर्माण होना प्रारम्भ हो चुका होगा। राजप्रश्नीयसूत्र और द्वीपसागरप्रज्ञप्ति के तुलनात्मक विवेचन में हम देखते हैं कि जहाँ द्वीपसागरप्रज्ञप्ति में जिनअस्थियों, जिनप्रतिमाओं और जिनमंदिरों का विवरण मात्र दिया गया है, वहीं राजप्रश्नीयसूत्र में सूर्याभदेव के द्वारा उनके वन्दन-पूजन आदि करने का भी उल्लेख हुआ है। इससे ऐसा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लगता है कि राजप्रश्नीयसूत्र का वह अंश जिसमें जिनप्रतिमाओं के वन्दन-पूजन आदि का विवरण है, वह द्वीपसागरप्रज्ञप्ति से किंचित परवर्ती रहा होगा।

सामान्यतया हिन्दू परम्परा में मध्यलोक के सन्दर्भ में सप्त द्वीप और सप्त सागरों का विवरण उपलब्ध होता है किन्तु जैन परम्परा में मध्य-लोक की इस सीमितता की आलोचना की गई है और यह कहा गया है कि जो लोग मध्यलोक को सप्त द्वीप और सप्त सागरों तक सीमित करते हैं, वे भ्रान्त हैं। जैन परम्परा को मान्यता तो यह है कि मेरूपर्वत और जम्बूद्वीप को लेकर वलयाकार में एक-दूसरे को घेरते हुए असंख्यात द्वीप-सागर हैं। जैन परम्परा में जम्बूद्वीप और लवणसमुद्र के विवरण के पश्चात् धातकीखण्ड, कालोदधिसमुद्र, पुष्करवरद्वीप, पुष्करवरसमुद्र उसके पश्चात् नलिनोदक सागर, सुरारस सागर, क्षीरजल सागर, घृतसागर तथा क्षोदरस सागर आदि को घेरे हुए नन्दीश्वर द्वीप बताया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि जैनों ने मध्यलोक के द्वीप-समुद्रों के विवरण में यद्यपि हिन्दू परम्परा की मान्यता से कुछ आगे बढ़ने का प्रयत्न किया है तथापि दो-चार द्वीप-सागरों का विवरण देने के पश्चात् उन्हें भी विराम ही धारण करना पड़ा।

प्रस्तुत प्रकीर्णक में मध्यलोक के द्वीप-सागरों का जो विवरण उल्लिखित है, वह आधुनिक विज्ञान की दृष्टि से कितना संगत है और कितना परम्परागत मान्यताओं पर आधारित है, इसकी चर्चा हमने अपने स्वतन्त्र लेख 'जैन सृष्टि शास्त्र और आधुनिक विज्ञान' में की है। यह लेख सुरेन्द्रमुनि अभिनन्दन ग्रन्थ में प्रकाशित हो रहा है। इस दृष्टि से तुलनात्मक अध्ययन करने की रूचि रखने वाले पाठक उसे वहाँ देख सकते हैं।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति प्रकीर्णक का प्रारम्भ मानुषोत्तर पर्वत से ही होता है। इसके प्रारम्भ में ग्रन्थ निर्माण की प्रतिज्ञा अथवा मंगल स्वरूप कुछ भी नहीं कहा गया हैं इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह ग्रन्थ किसी विस्तृत ग्रन्थ का एक अंश मात्र है तथा इसका पूर्व भाग संभवतः विलुप्त हो गया है। प्रस्तुत भूमिका में चर्चित ये सभी विषय ऐसे हैं जिन पर अन्तिम रूप से कुछ कहने का दावा करना आग्रहपूर्ण और मिथ्या होगा। विद्वानों से अपेक्षा है कि इस दिशा में अपने चिन्तन से हमें लाभान्ति करें।

वाराणसी — **सागरमल जैन**

२ अगस्त, १९९३ — **सुरेश सिसोदिया**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दीवसागरपण्णत्तिपइण्णयं

(द्वीपसागरप्रज्ञप्ति-प्रकीर्णक)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दीवसागरपण्णत्तिपइण्णयं

[गा. १–१८. माणुसोत्तरपव्वओ]

पुक्खरवरदीवड्ढं परिक्खिवइ माणुसोत्तरो सेलो ।
पायारसरिसरूवो विभयंतो माणुसं लोयं ॥१॥

सत्तरस एक्कवीसाइं जोयणसयाइं १७२१ सो समुव्विद्धो ।
चत्तारि य तीसाइं मूले कोसं ४३०$\frac{1}{4}$ च ओगाढो ॥२॥

दस बावीसाइं अहे वित्थिण्णो होइ जोयणसयाइं १०२२ ।
सत्त य तेवीसाइं ७२३ वित्थिण्णो होइ मज्झम्मि ॥३॥

चत्तारि य चउवीसे ४२४ वित्थारो होइ उवरि सेलस्स ।
अड्ढाइज्जे दीवे दो वि समुद्दे अणुपरीइ ॥ ४ ॥

तस्सुवरि माणुसनगस्स कूडा दिसि विदिसि होंति सोलस उ ।
तेसिं नामावलियं अहक्कम्मं कित्तइस्सामि ॥ ५ ॥

पुव्वेण तिण्णि कूडा, दक्खिणओ तिण्णि, तिण्णि अवरेणं ।
उत्तरओ तिण्णि भवे चउद्दिसिं माणुसनगस्स ॥ ६ ॥

वेरुलिय १ मसारे २ खलु तहऽस्सगब्भे ३ य होंति अंजणगे ४ ।
अंकामए ५ अरिट्ठे ६ रयए ७ तह जायरूवे ८ य ॥ ७ ॥

नवमे य सिलप्पवहे ९ तत्तो फलिहे १० य लोहियक्खे ११ य ।
वइरामए य कूडे १२, परिमाणं तेसि वुच्छामि ॥ ८ ॥

एएसिं कूडाणं उस्सेहो पंच जोयणसयाइं ५०० ।
पंचेव जोयणसए ५०० मूलम्मि उ होंति वित्थिन्ना ॥ ९ ॥

[1]तिन्नेव जोयणसए पन्नत्तरि ३७५ [2]जोयणाइं मज्झम्मि ।
अड्ढाइज्जे य सए २५० सिहरतले वित्थडा कूडा ॥ १० ॥

---

१. वेरुलिय मसारे तिन्नि पन्नत्तरि प्र० मु० । लेखकप्रमादजोऽयमशुद्धोऽसङ्गतश्च पाठः ॥ २, जोयणसयाइं प्र० ह० मु० । अशुद्धोऽसङ्गतश्चायं पाठः ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति प्रकीर्णक

(१-१८ मानुषोत्तर पर्वत)

(१) दुर्ग के सदृश आकृति वाला मानुषोत्तर पर्वत पुष्करवरद्वीप के अर्द्ध भाग को वेष्टित करता हुआ मनुष्य लोक को (तिर्यक् लोक के अन्य क्षेत्रों से) विभाजित करता है।

(२) वह मानुषोत्तर पर्वत (पृथ्वीतल से) एक हजार सात सौ इक्कीस योजन समान रूप से ऊँचा है और मूल में अर्थात् पृथ्वीतल से नीचे उसकी गहराई चार सौ तीस योजन और एक कोस[1] है।

(३) अधोभाग में (उस पर्वत का) विस्तार एक हजार बाईस योजन है तथा मध्य में (उसका) विस्तार सात सौ तेईस (योजन) है।

(४) (उस) पर्वत का उपरी विस्तार चार (सौ) चौबीस (योजन) है। अढाई द्वीप में दो समुद्र (लवण समुद्र और कालोदधि) रहे हुए हैं।

(५) उस मानुषोत्तर पर्वत के ऊपर (विभिन्न) दिशा-विदिशाओं में सोलह शिखर हैं, उनके नामों की सूची मैं अनुक्रम से प्रस्तुत कर रहा हूँ।

(६-८) मानुषोत्तर पर्वत की पूर्व दिशा में तीन, दक्षिण दिशा में तीन, पश्चिम दिशा में तीन तथा उत्तर दिशा में तीन—चारों दिशाओं में (कुल बारह) शिखर इस प्रकार हैं[2]—१. वैडूर्य, २. मसार, ३. हंसगर्भ, ४. अंजनक, ५. अङ्कमय, ६. अरिष्ट, ७. रजत, ८. जातरूप, ९. शिलप्रभ, १०. स्फटिक, ११. लोहिताक्ष और १२. वज्रमय शिखर। (अब) मैं उनका परिमाण कहता हूँ।

(९) इन शिखरों की ऊँचाई पाँच सौ योजन है और मूल में (इनका) विस्तार भी पाँच सौ योजन ही है।

(१०) ये शिखर मध्य में तीन सौ पचहत्तर योजन (विस्तार) वाले हैं तथा उपरी तलपर (इनका) विस्तार ढाई सौ योजन है।

---

१. एक कोस लगभग ३ किलोमीटर के बराबर होता है।

२. यद्यपि पूर्व गाथा में १६ शिखरों का उल्लेख हुआ है किन्तु इस गाथात्रिक में मानुषोत्तर पर्वत की चारों दिशाओं में स्थित १२ शिखरों के ही नाम बतलाए गए हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगं चेव सहस्सं पंचेव सयाइं एगसीयाइं १५८१ ।
मूलम्मि उ कूडाणं सविसेसो परिरओ होइ ॥ ११ ॥

एगं चेव सहस्सं [1]छलसीयं तह य होइ सयमेगं ११८६ ।
मज्झम्मि उ कूडाणं विसेसहीणो परिक्खेवो ॥ १२ ॥

सत्तेव जोयणसया एक्काणउयं ७९१ च जोयणा होंति ।
सिहरतले कूडाणं विसेसहीणो परिक्खेवो ॥ १३ ॥

[2]ऊसे य संसिया भद्दे तत्तो भवे सुभद्दे य ।
अट्ठे य सव्वओ रुंदे आणंदे चेव नंदे य ॥ १४ ॥

नंदिसेणे अमोहे य गोथूभे य सुदंसणे ।
पलिओवमट्ठिईया नाग-सुवन्ना परिवसंति ॥ १५ ॥

दक्खिणपुव्वेण रयणकूडा(? डं) गरुलस्स वेणुदेवस्स ।
सव्वरयणं तु पुव्वुत्तरेण तं वेणुदालिस्स ॥ १६ ॥

रयणस्स अवरपासे तिण्णि वि समइच्छिऊण कूडाइं ।
कूडं वेलंबस्स [3]उ विलंबसुहियं सया होइ ॥ १७ ॥

सव्वरयणस्स अवरेण तिण्णि समइच्छिऊण कूडाइं ।
कूडं पभंजणस्सा पभंजणं आढियं होइ ॥ १८ ॥

[गा० १९-२४. नलिणोदगाइया सागरा]

तीसं च सयसहस्सा दस य सहस्सा ३०१०००० हवंति बोद्धव्वा ।
गोतित्थेहिं विरहियं खेत्तं "[4]नलिणोदगसमुद्दे" ॥ १९ ॥

विक्खंभ परिक्खेवो सो चेव कमाउ होइ नलिणोदे ।
दस चेव जोयणसए १००० उव्विद्धो, न वि य सो उच्चो ॥ २० ॥

---

१. चुलसीयं हं० । गणितक्रियाविसंवादी अशुद्धोऽयं पाठभेदः ।
२. अस्या गाथाया अर्थो न सम्यगवबुध्यते ।
३. उ वेलंबस्स सुहियं प्र० हं० । अशुद्धोऽयं पाठः ।
४. नलिनोदकसमुद्रः पुष्करोदसमुद्र इत्यर्थः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(११) इन शिखरों की परिधि मूल में एक हजार पाँच सौ इक्यासी (योजन) से कुछ अधिक है।

(१२) इन शिखरों की परिधि मध्य में एक हजार एक सौ छियासी (योजन) से कुछ कम है।

(१३) इन शिखरों की परिधि शिखरतल पर सात सौ इक्कानवें योजन से कुछ कम है।

(१४) किरणों से संसिक्त ये भद्र शिखर संसार में कल्याणकारी है तथा सर्व प्रयोजनों में विशाल, आनन्दकर एवं मंगलकारी हैं।

(१५) (इन शिखरों पर) नन्दिषेण, अमोघ, गोस्तूप, सुदर्शन तथा पल्योपम स्थिति वाले नागकुमारदेव और सुपर्णदेव निवास करते हैं।

(१६) गरूड जातीय वेणुदेव का रत्नकूट दक्षिण-पूर्व दिशा के कोण में तथा वेणुदालिदेव का सर्वरत्नकूट पूर्व-उत्तर दिशा के कोण में स्थित है।

(१७) रत्नकूट की पश्चिम दिशा के समीप स्थित तीनों कूटों (शिखरों) को लाँघकर वेलम्बदेव का सदा सुख-युक्त वेलम्बकूट है।

(१८) सर्वरत्नकूट की पश्चिम दिशा में (स्थित) तीनों कूटों (शिखरों) को लाँघकर प्रभञ्जनदेव का प्रतिष्ठित प्रभंजनकूट है।

(१९-२४ नलिनोदक आदि सागर)

(१९) नलिनोदक समुद्र में तीस लाख दस हजार (योजन) गोतीर्थ से रहित विशेष क्षेत्र है (उसके विषय में) जानना चाहिए।

(२०) नलिनोदक समुद्र में (जो) विस्तार और परिधि है वह भी क्रम से है। (वह समुद्र) दस सौ योजन गहरा है तथा उसकी ऊँचाई नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगा जोयणकोडी छव्वीसा दस य जोयणसहस्सा १२६१०००० ।
गोतित्थेण विरहियं "सुरारसे सागरे" खेत्तं ॥ २१ ॥

पंचेव य कोडीओ दसुत्तरा दस य जोयणसहस्सा ५१०१०००० ।
गोतित्थेण विरहियं "खीरजले सागरे" खेत्तं ॥ २२ ॥

वीसं जोयणकोडी छायाला दस य जोयणसहस्सा २०४६१०००० ।
गोतित्थेण विरहियं खेत्तं "घयसागरे" होइ ॥ २३ ॥

एगासिइ कोडीणं नउया दस चेव जोयणसहस्सा ८१९०१०००० ।
गोतित्थेण विरहियं "खोयरसे सागरे" खेत्तं ॥ २४ ॥

[गा० २५ नंदीसरदीवो]

तेवट्ठं कोडिसयं चउरासीइं च सयसहस्साइं १६३८४००००० ।
नंदीसरवरदीवे विक्खंभो चक्कवालेणं ॥ २५ ॥

[गा० २६–४७ अंजणगपव्वया तदुवरि जिणाययणाइं च]

एगासि एगनउया पंचाणउइं भवे सहस्साइं ।
तिण्णेव जोयणसए ८१९१९५३०० ओगाहित्ताण अंजणगा ॥ २६ ॥

चुलसीइ सहस्साइं ८४००० उव्विद्धा, ते गया सहस्समहे १००० ।
धरणियले वित्थिण्णा अणूणगे ते दस सहस्से १०००० ॥ २७ ॥

जत्थिच्छसि विक्खंभं अंजणगणगाओ [1]ओयरित्ताणं ।
तं तिगुणियं तु काउं अट्ठावीसाए विभयाहि ॥ २८ ॥

नव चेव सहस्साइं पंचेव य होंति जोयणसयाइं ९५०० ।
अंजणगपव्वयाणं मूलम्मि उ होइ विक्खंभो ॥ २९ ॥

तीसं चेव सहस्सा बायालीसं ३००४२ च जोयणा ऊणा ।
अंजणगपव्वयाणं मूलम्मि उ परिरओ होइ ॥ ३० ॥

---

१. ओवरित्ताणं प्र० । उवविरित्ताणं हं० । उवरिवत्ताणं मु० ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२१) सुरारस सागर में एक करोड़ छब्बीस (लाख) दस हजार योजन गोतीर्थ से रहित विशेष क्षेत्र हैं।

(२२) क्षीर-जल-सागर (क्षीर सागर) में पाँच करोड़ दस (लाख) दस हजार योजन गोतीर्थ से रहित विशेष क्षेत्र हैं।

(२३) घृतसागर में बीस करोड़ छियालीस (लाख) दस हजार योजन गोतीर्थ से रहित विशेष क्षेत्र हैं।

(२४) क्षोदरस सागर में इक्यासी करोड़ नब्बे (लाख) दस हजार योजन गोतीर्थ से रहित विशेष क्षेत्र हैं।

(२५ नन्दीश्वर द्वीप)

(२५) चक्राकार रूप से नन्दीश्वर द्वीप का विस्तार एक सौ तिरसठ करोड़ चौरासी लाख (योजन) है।

(२६–४७ अंजन पर्वत और उनके ऊपर जिनदेव के मंदिर)

(२६) (नन्दीश्वर द्वीप में) इक्यासी (करोड़) इक्कानवें (लाख) पिच्चानवें हजार तीन सौ योजन चलने पर अञ्जन पर्वत आते हैं।

(२७) वे अंजन पर्वत चौरासी हजार (योजन) ऊँचे तथा एक हजार (योजन) नीचे (भूमितल में) गये हुए हैं। पृथ्वीतल पर वे (पर्वत) दस हजार (योजन) से अधिक विस्तार वाले हैं।

(२८) जिसे (अंजन पर्वतों की) चौड़ाई जानने की इच्छा हो, (वह) अंजन पर्वत की ऊँचाई (८४,००० योजन) को तिगुणा करके (८४,००० × ३ = २,५२००० योजन) (उसमें) अट्ठाईस का भाग देकर ($\frac{२,५२०००}{२८}$ = ९००० योजन), उसे जान सकता है।

(२९) अंजन पर्वतों का विस्तार मूल में नौ हजार पाँच सौ योजन ही है।

(३०) अंजन पर्वतों की परिधि मूल में तीस हजार बयालीस योजन से कुछ कम है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नव चेव सहस्साइं[1] चत्तारि सया ९४०० हवंति उ अणूणा ।
अंजणगपव्वयाणं धरणियले होइ विक्खंभो ॥ ३१ ॥

अगुणत्तीस सहस्सा सत्तेव सया हवंति छव्वीसा २९७२६ ।
अंजणगपव्वयाणं धरणियले परिरओ होइ ॥ ३२ ॥

पंचेव सहस्साइं दो चेव सया ५२०० हवंति उ अणूणा ।
अंजणगपव्वयाणं बहुमज्झे होइ विक्खंभो ॥ ३३ ॥

सोलस चेव सहस्सा सत्तेव सया बिउत्तरा होंति १६७०२ ।
अंजणगपव्वयाणं बहुमज्झे परिरओ होइ ॥ ३४ ॥

विक्खंभेणंजणगा सिहरतले होंति जोयणसहस्सं १००० ।
तिन्नेव सहस्साइं बावट्ठसयं ३१६२ परिरएणं ॥ ३५ ॥

वड्ढंति एगपासे दस गंतूणं पएसमेगं तु ।
वीसं गंतूण दुवे वड्ढंति य दोसु पासेसु ॥ ३६ ॥

भिंगंग-रुइल-कज्जल-अंजणधाउसरिसा विरायंति ।
गगणतलमणुलिहंता अंजणगा पव्वया रम्मा ॥ ३७ ॥

अंजणगपव्वयाणं सिहरतलेसुं[2] हवंति पत्तेयं ।
अरहंतायययणाइं सीहनिसाईणि तुंगाइं ॥ ३८ ॥

नर-मगर-विहग-वालगनाणामणिरूवरइयसोहाइं ।
सव्वरयणामयाइं अव्व(? त्त)पडिक्खोमभूयाइं ॥ ३९ ॥

जोयणसयमायामा १००, पन्नासं ५० जोयणाइं वित्थिन्ना ।
पन्नत्तरि ७५ मुव्विद्धा अंजणगतले जिणाययणा ॥ ४० ॥

---

१. °स्साइं दो चेव सया हवंति प्र० हं० मु० । सर्वासु प्रतिषु विद्यमानोऽपि गणितक्रियाविसंवादीति असाधुरेवायं पाठः । चत्तारि य होंति जोयणसयाइं । अंजणग° इति लोकप्रकाशे सर्गं २४ मध्ये पाठः पत्र २९२ पृ० २ ॥

२. °तलेसू हं० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(३१) अंजन पर्वतों का विस्तार पृथ्वीतल पर नौ हजार चार सौ (योजन) (से भी) अधिक है।

(३२) अंजन पर्वतों की परिधि पृथ्वीतल पर उनतीस हजार सात सौ छब्बीस (योजन) ही है।

(३३) अंजन पर्वतों का विस्तार बिल्कुल मध्य में पाँच हजार दो सौ (योजन) (से भी) अधिक है।

(३४) अंजन पर्वतों की परिधि बिल्कुल मध्य में सोलह हजार सात सौ दो (योजन) है।

(३५) अंजन पर्वतों के शिखर-तल का विस्तार एक हजार योजन तथा परिधि तीन हजार एक सौ बासठ (योजन) है।

(३६) (अंजन पर्वत पर) एक दिशा में दस योजन जाने पर एक प्रदेश बढ़ता है तथा दो दिशाओं में बीस योजन जाने पर दो प्रदेश बढ़ते हैं।

(३७) सुन्दर भौरों, काजल और अंजन धातु के समान कृष्ण वर्ण वाले रमणीय अंजन पर्वत गगन-तल को छुते हुए शोभायमान हैं।

(३८) प्रत्येक अंजन पर्वत के शिखर-तल पर बैठे हुए सिंह के आकार वाले गगनचुम्बी जिनमंदिर हैं।

(३९) (वहाँ) नानामणियों से रचित मनुष्यों, मगरों, विहगों तथा व्यालों की आकृतियाँ शोभायमान हैं। (वे आकृतियाँ) सर्व रत्नमय, आश्चर्य उत्पन्न करने वाली तथा अवर्णनीय हैं।

(४०) अंजन पर्वत के शिखर-तल पर स्थित वे जिनमंदिर सौ योजन लम्बे, पचास योजन चौड़े तथा पचहत्तर योजन ऊँचे हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंजणगपव्वयाण उ सयस्सहस्सं १००००० भवे अबाहाए ।
पुव्वाइआणुपुव्वी पोक्खरणीओ उ चत्तारि ॥ ४१ ॥

पुव्वेण होइ नंदा[1] १ नंदवई दक्खिणे दिसाभाए २ ।
अवरेण य णंदुत्तर ३ [2]नंदिसेणा उ उत्तरओ ४ ॥ ४२ ॥

एगं च सयसहस्सं १००००० वित्थिण्णाओ सहस्समोविद्धा १००० ।
निम्मच्छ-कच्छभाओ जलभरियाओ अ सव्वाओ ॥ ४३ ॥

पुक्खरणीण चउदिसिं पंचसए ५०० जोयणाणऽबाहाए ।
पुव्वाइआणुपुव्वी चउद्दिसिं होंति वणसंडा ॥ ४४ ॥

पागारपरिक्खित्ता सोहंते ते वणा अहियरम्मा ।
पंचसए ५०० वित्थिन्ना, सयस्सहस्सं १००००० च आयामा ॥ ४५ ॥

पुव्वेण असोगवणं, दक्खिणओ होइ सत्तिवन्नवणं ।
अवरेण चंपयवणं, चूयवणं उत्तरे पासे ॥ ४६ ॥

सव्वेसिं तु वणाणं चेइयरुक्खा हवंति मज्झम्मि ।
नाणारयणविचित्ताहिं परिगया ते वि दित्तीहिं ॥ ४७ ॥

[गा. ४८–५१. दहिमुहपव्वया तदुवरि जिणाययणाणि य]

रयणमुहा उ दहिमुहा पुक्खरणीणं हवंति मज्झम्मि ।
दस चेव सहस्सा १०००० वित्थरेण, चउसट्ठि ६४ मुव्विद्धा ॥ ४८ ॥

एकत्तीस सहस्सा छच्चेव सया हवंति तेवीसा ३१६२३ ।
[3]दहिमुहनगपरिखेवो किंचिविसेसेण परिहीणो ॥ ४९ ॥

संखदल-विमलनिम्मलदहिघण-गोखीर-हारसंकासा ।
गगणतलमणुलिहिता सोहंते दहिमुहा रम्मा ॥ ५० ॥

पत्तेयं पत्तेयं सिहरतले होंति दहिमुहनगाणं ।
अरहंतायययणाइं सीहनिसाईणि तुंगाणि ॥ ५१ ॥

---

१. "नंदुत्तरा य नंदा आणंदा णंदिवद्धणा ।" इति चत्वारि नामानि जीवाजीवाभिगमे दृश्यन्ते पत्र ३५७ । लोकप्रकाशेऽप्येतान्येव नामानि वर्त्तन्ते, किञ्च तत्र 'आणंदा' स्थाने 'सुनन्दा' नामोल्लेखो वर्त्तते । २. नंदिरसणा उ हं० ।
३. नगदहिमुपरिक्खेवो प्र० हं० मु० । लेखकप्रमादजोऽयं विकृतः पाठः ॥

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

(४१-४२) अंजन पर्वतों के एक लाख योजन अपान्तराल को छोड़ने के बाद अनुक्रम से पूर्व आदि चारों दिशाओं में (ये) चार पुष्करिणियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में नन्दा, (२) दक्षिण दिशा में नन्दवती, (३) पश्चिम दिशा में नन्दोत्तरा तथा (४) उत्तर दिशा में नंदिषेणा।

(४३) (इन पुष्करिणियों का) विस्तार एक लाख (योजन) है तथा ये एक हजार (योजन) गहरी हैं और सब ओर से कछुओं द्वारा विलेपित (अर्थात् स्वच्छ) जल से भरी हुई हैं।

(४४) (इन) पुष्करिणियों की चारों दिशाओं में पाँच सौ योजन के अपान्तराल को छोड़ने के बाद अनुक्रम से पूर्व आदि चारों दिशाओं में (चार) वनखण्ड हैं।

(४५) अत्यधिक रमणीय वे वन चारों ओर से प्राकार से घिरे होने से शोभायुक्त हैं। (वे वन) पाँच सौ (योजन) चौड़े तथा एक लाख (योजन) लम्बे हैं।

(४६) पूर्व दिशा में अशोकवन, दक्षिण दिशा में सप्तपर्णवन, पश्चिम दिशा में चंपकवन और उत्तर दिशा में आम्रवन है।

(४७) सभी वनों के मध्य में चैत्यवृक्ष हैं, वे वृक्ष नानाप्रकार के विचित्र रत्नों के प्रकाश से प्रकाशित हैं।

(४८-५१ दधिमुख पर्वत और उनके ऊपर जिनदेव के मंदिर)

(४८) (उन) पुष्करिणियों के मध्य में रत्नमय दधिमुख पर्वत हैं (जिनका) विस्तार दस हजार योजन और ऊँचाई चौसठ (योजन) है।

(४९) दधिमुख पर्वतों की परिधि इकतीस हजार छः सौ तेईस (योजन) है, उससे कम या अधिक नहीं है।

(५०) शंख समूह की तरह विशुद्ध, अच्छे जमे हुए दही के समान निर्मल, गाय के दुध की तरह (.उज्जवल) और माला के समान (क्रमबद्ध) (ये) मनोरम दधिमुख पर्वत गगनतल को छुते हुए शोभायमान हैं।

(५१) प्रत्येक दधिमुख पर्वत के शिखरतल पर बैठे हुए सिंह के आकार वाले गगनचुम्बी जिनमंदिर हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[गा० ५२-५७. अंजणगपव्वयाणं पोक्खरिणीओ]

जो दक्खिणअंजणगो तस्सेव चउद्दिसिं च बोद्धव्वा ।
पुक्खरिणी चत्तारि वि इमेहिं नामेहि विन्नेया ॥ ५२ ॥
पुव्वेण होइ भद्दा १, होइ [1]सुभद्दा उ दक्खिणे पासे २ ।
अवरेण होइ कुमुया ३, उत्तरओ पुंडरिगिणी उ ४ ॥ ५३ ॥

अवरेण अंजणो जो उ होइ तस्सेव चउदिसिं होंति ।
पुक्खरिणीओ, नामेहिं इमेहिं चत्तारि विन्नेया ॥ ५४ ॥
पुव्वेण होइ विजया १, दक्खिणओ होइ वेजयंती उ २ ।
अवरेणं तु जयंती ३, अवराइय उत्तरे पासे ४ ॥ ५५ ॥

जो उत्तरअंजणगो तस्सेव चउद्दिसिं च बोद्धव्वा ।
पुक्खरिणीओ चत्तारि, इमेहिं नामेहिं विन्नेया ॥ ५६ ॥
पुव्वेण नंदिसेणा १, आमोहा पुण दक्खिणे दिसाभाए २ ।
अवरेणं गोत्थूभा ३ सुदंसणा होइ उत्तरओ ४ ॥ ५७ ॥

[गा० ५८-७०. रइकरपव्वया सक्कोसाणदेव-देवीणं रायहाणीओ य]

एक्कासि एगनउया पंचाणउइं भवे सहस्साइं ८१९१९५००० ।
नंदीसरवरदीवे ओगाहित्ताण रइकरगा ॥ ५८ ॥

उच्चत्तेण सहस्सं १०००, अड्ढाइज्जे सए य उव्विद्धा २५० ।
दस चेव सहस्साइं १०००० वित्थिण्णा होंति रइकरगा ॥ ५९ ॥

एक्कत्तीस सहस्सा छ च्चेव सए हवंति तेवीसे ३१६२३ ।
रइकरगपरिक्खेवो किंचिविसेसेण परिहीणो ॥ ६० ॥

एत्तो एक्केक्कस्स उ सयसहस्सं १००००० भवे अबाहाए ।
पुव्वाइआणुपुव्वी चउद्दिसिं रायहाणीओ ॥ ६१ ॥

जो पुव्वदक्खिणे रइकरगो तस्स उ चउद्दिसिं होंति ।
सक्कऽग्गमहिस्सीणं एया खलु रायहाणीओ ॥ ६२ ॥
देवकुरु १, उत्तरकुरा २, एया पुव्वेण दक्खिणेणं च ।
अवरेण उत्तरेण य नंदुत्तर ३ नंदिसेणा ४ य ॥ ६३ ॥

---

१. जीवाजीवाभिगमोपाङ्गसूत्रे लोकप्रकाशे च 'सुभद्दा' स्थाने 'विसाला' नाम दृश्यते ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५२-५७. अंजनपर्वतों की पुष्करिणियाँ)

(५२–५३) दक्षिण दिशा वाला जो अंजन पर्वत है, उसकी चारों दिशाओं में चार पुष्करिणियाँ हैं। इन्हें इन नामों से जानना चाहिए— (१) पूर्व दिशा में भद्रा, (२) दक्षिण दिशा में सुभद्रा, (३) पश्चिम दिशा में कुमुदा और (४) उत्तर दिशा में पुंडरीकिणी।

(५४–५५) पश्चिम दिशा वाला जो अंजन पर्वत है, उसको चारों दिशाओं में भी चार पुष्करिणियाँ हैं। इन्हें इन नामों से जानना चाहिए— (१) पूर्व दिशा में विजया, (२) दक्षिण दिशा में वैजयन्ती, (३) पश्चिम दिशा में जयन्ती और (४) उत्तर दिशा में अपराजिता।

(५६–५७) उत्तर दिशा वाला जो अंजन पर्वत है उसकी भी चारों दिशाओं में चार पुष्करिणियाँ हैं। इन्हें इन नामों से जानना चाहिए— (१) पूर्व दिशा में नन्दिषेणा, (२) दक्षिण दिशा में अमोघा, (३) पश्चिम दिशा में गोस्तूपा और (४) उत्तर दिशा में सुदर्शना।

(५८-७०. रतिकर पर्वत और शक्र ईशान देव-देवियों की राजधानियाँ)

(५८) नन्दीश्वर द्वीप में इक्यासी (करोड़) इक्कानवें (लाख) पिच्चानवें हजार (योजन) अवगाहना करने पर रतिकर पर्वत हैं।

(५९) (ये) रतिकर पर्वत एक हजार (योजन) ऊँचे, ढाई सौ (योजन) गहरे और दस हजार (योजन) विस्तार वाले हैं।

(६०) रतिकर पर्वतों की परिधि इकतीस हजार छः सौ तेईस (योजन) ही है। उससे कम या अधिक नहीं है।

(६१) प्रत्येक (रतिकर पर्वत) के एक लाख (योजन) अपान्तराल को छोड़ने के बाद अनुक्रम से पूर्वादि चारों दिशाओं में चार राजधानियाँ हैं।

(६२–६३) पूर्व-दक्षिण दिशा में जो रतिकर पर्वत है उसकी चारों दिशाओं में शक्र-अग्रमहिषियों की ये (चार) राजधानियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में देवकुरा, (२) दक्षिण दिशा में उत्तरकुरा, (३) पश्चिम दिशा में नन्दोत्तरा तथा (४) उत्तर दिशा में नंदिसेणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगं च सयसहस्सं १००००० वित्थिण्णाओ उ आणुपुव्वीए ।
तं तिगुणं सविसेसं परिरएणं तु सव्वाओ ॥ ६४ ॥

जो अवरदक्खिणे रइकरो उ तस्सेव चउदिसिं होंति ।
सक्कऽग्गमहिस्सीणं एया खलु रायहाणीओ ॥ ६५ ॥

भूया १ भूयवडिंसा २, एया पुव्वेण दक्खिणेण भवे ।
अवरेण उत्तरेण य मणोरमा ३ अग्गिमालीया ४ ॥ ६६ ॥

अवरुत्तररइकरगे चउद्दिसिं होंति तस्स एयाओ ।
ईसाणअग्गमहिसीण ताओ खलु रायहाणीओ ॥ ६७ ॥
सोमणसा १ य सुसीमा २, एया पुव्वेण दक्खिणेण भवे ।
अवरेण उत्तरेण य सुदंसणा ३ चेवऽमोहा ४ य ॥ ६८ ॥

पुव्वुत्तररइकरगे तस्सेव चउद्दिसिं भवे एया ।
ईसाणऽग्गमहिसीण सालपरिवेढियतणओ ॥ ६९ ॥
रयणप्पहा १ य रयणा २, [एया] पुव्वेण दक्खिणेण भवे ।
सव्वरयणा ३ रयणसंचया ४ य अवरुत्तरे पासे ॥ ७० ॥

[गा० ७१. कुंडलदीवो]

दो कोडिसहस्साइं छ च्चेव सयाइं एक्कवीसाइं ।
चोयालसयसहस्सा २६२१४४००००० [1]विक्खंभो कोंडलवरस्स ॥ ७१ ॥

[गा० ७२–७५. कुंडलपव्वओ]

कोंडलवरस्स मज्झे णगुत्तमो होइ कुंडलो सेलो ।
पागारसरिसरूवो विभयंतो कोंडलं दीवं ॥ ७२ ॥

बायालीस सहस्से ४२ ०० उव्विद्धो कुंडलो हवइ सेलो ।
एगं चेव सहस्सं १००० धरणियलमहे समोगाढो ॥ ७३ ॥

दस चेव जोयणसए बावीसं १०२२ वित्थडो य मूलम्मि ।
सत्तेव जोयणसए तेवीसे ७२३ वित्थडो मज्झे ॥ ७४ ॥

चत्तारि जोयणसए चउवीसे ४२४ वित्थडो उ सिहरतले ।
एयस्सुवरिं कूडे अहक्कमं कित्तइस्सामि ॥ ७५ ॥

१. विक्खंभो चक्कवालेण प्र० हं० मु० । लेखकभ्रान्तिजोऽयं पाठः ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(६४) क्रम से (ये चारों राजधानियाँ) एक लाख (योजन) विस्तार वाली हैं तथा इनकी सम्पूर्ण परिधि उससे तीन गुणा अधिक है।

(६५-६६) पश्चिम-दक्षिण दिशा में जो रतिकर पर्वत है उसकी चारों दिशाओं में शक्र-अग्रमहिषियों की ये (चार) चार राजधानियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में भूता, (२) दक्षिण दिशा में भूतावतंसा, (३) पश्चिम दिशा में मनोरमा तथा (४) उत्तर दिशा में अग्निमाली।

(६७-६८) पश्चिम-उत्तर दिशा में (जो) रतिकर पर्वत है उसकी चारों दिशाओं में ईशान-अग्रमहिषियों की ये (चार) राजधानियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में सौमनसा, (२) दक्षिण दिशा में सुसीमा, (३) पश्चिम दिशा में सुदर्शना तथा (४) उत्तर दिशा में अमोघा।

(६९-७०) पूर्व-उत्तर दिशा में (जो) रतिकर पर्वत है उसकी चारों दिशाओं में पतले शाल वृक्षों से परिवेष्टित ईशान-अग्रमहिषियों की ये (चार) राजधानियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में रत्नप्रभा, (२) दक्षिण दिशा में रत्ना, (३) पश्चिम दिशा में सर्वरत्ना तथा (४) उत्तर दिशा में रत्नसंचया।

(७१. कुण्डल द्वीप)

(७१) कुण्डल द्वीप का विस्तार दो हजार छः सौ इक्कीस करोड़ चवालीस लाख योजन है।

(७२-७५. कुण्डल पर्वत)

(७२) कुण्डल द्वीप के मध्य में कुण्डल पर्वत नामक उत्तम पर्वत है। प्राकार के समान आकार वाला यह पर्वत कुण्डल द्वीप को (अन्य द्वीपों से) विभाजित करता है।

(७३) कुण्डल पर्वत बयालीस हजार (योजन) ऊँचा तथा नीचे भूमि तल में समान रूप से एक हजार (योजन) गहरा है।

(७४) (कुण्डल पर्वत) अधो भाग में दस सौ बावीस योजन विस्तार वाला तथा मध्य भाग में सात सौ तेवीस योजन विस्तार वाला है।

(७५) (कुण्डल पर्वत) शिखर-तल पर चार सौ चौबीस योजन विस्तार वाला है। अब मैं इसके ऊपर (स्थित) शिखरों (के विषय) में अनुक्रम से कहता हूँ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[गा० ७६--८३. कुंडलपव्वओवरिं सोलस कूडा]

पुव्वेण होंति कूडा चत्तारि उ, दक्खिणे वि चत्तारि ।
अवरेण वि चत्तारि उ, उत्तरओ होंति चत्तारि ॥ ७६ ॥

वइरपभ १ वइरसारे २ कणगे ३ कणगुत्तमे ४ इ य ।
रत्तप्पभे ५ रत्तधाऊ ६ सुप्पभे ७ य महप्पभे ८ ॥ ७७ ॥

मणिप्पभे ९ य मणिहिये १० रुयगे ११ एगवंडिसए १२ ।
फलिहे १३ य महाफलिहे १४ हिमवं १५ मंदिरे १६ इ य ॥ ७८ ॥

एएसिं कूडाणं उस्सेहो पंच जोयणसयाइं ५०० ।
पंचेव जोयणसए ५०० मूलम्मि उ वित्थडा कूडा ॥ ७९ ॥

तिन्नेव जोयणसए पन्नत्तरि ३७५ जोयणाइं मज्झम्मि ।
अड्ढाइज्जे य सए २५० सिहरतले वित्थडा कूडा ॥ ८० ॥

एगं चेव सहस्सं पंचेव सयाइं [1]एक्कसीयाइं १५८१ ।
मूलम्मि उ कूडाणं सविसेसो परिरओ होइ ॥ ८१ ॥

एगं चेव सहस्सं छलसीयं चेव होइ सयमेगं ११८६ ।
मज्झम्मि उ कूडाणं विसेसहीणो परिक्खेवो ॥ ८२ ॥

सत्तेव जोयणसए एक्काणउयं ७९१ च जोयणा होंति ।
सिहरतले कूडाणं विसेसहीणो परिक्खेवो ॥ ८३ ॥

[गा० ८४--८६. कुंडलपव्वयकूडेसु सोलस नागकुमारा]

पलिओवमट्ठिईया नागकुमारा[2] वसंति एएसु ।
तेसिं नामावलियं अहक्कम्मं कित्तइस्सामि ॥ ८४ ॥

तिसीसे १ पंचसीसे २ य सत्तसीसे ३ महाभुजे ४ ।
पउमुत्तरे ५ पउमसेणे ६ महापउमे ७ च वासुगी ८ ॥ ८५ ॥

थिरहियय ९ मउयहियए १० सिरिवच्छे ११ सोत्थिए १२ इ य ।
सुंदरनागे १३ विसालक्खे १४ पंडुरंगे १५ पंडुकेसी १६ य ॥ ८६ ॥

---

१. एक्कवीसाइं हं० । गणितक्रियाविसंवादी लेखकप्रमादजोऽयं पाठभेदः ॥
२. °रा हवंति हं० ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(७६-८३. कुण्डल पर्वत के ऊपर सोलह शिखर)

(७६-७८) (कुण्डल पर्वत के ऊपर) चार शिखर पूर्व दिशा में, चार दक्षिण दिशा में, चार पश्चिम दिशा में, तथा चार ही शिखर उत्तर दिशा में हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं—(१) वज्रप्रभ, (२) वज्रसार, (३) कनक, (४) कनकोत्तम, (५) रक्तप्रभ, (६) रक्तधातु, (७) सुप्रभ, (८) महाप्रभ, (९) मणिप्रभ, (१०) मणिहित, (११) रुचक, (१२) एकवर्तसक, (१३) स्फटिक, (१४) महास्फटिक, (१५) हिमवत् और (१६) मंदिर।

(७९) इन शिखरों की ऊँचाई पाँच सौ योजन है तथा अधो भाग में पाँच सौ योजन ही इनका विस्तार है।

(८०) (ये) शिखर मध्य में तीन सौ पचहत्तर योजन तथा शिखर-तल पर ढाई सौ (योजन) विस्तार वाले हैं।

(८१) (इन) शिखरों की परिधि अधोभाग में एक हजार पाँच सौ इक्यासी (योजन) से कुछ अधिक है।

(८२) (इन) शिखरों की परिधि मध्य भाग में एक हजार एक सौ छियासी (योजन) से कुछ कम है।

(८३) (इन) शिखरों की परिधि शिखर-तल पर सात सौ इक्यानवें (योजन) से कुछ कम है।

(८४-८६. कुण्डल पर्वत के शिखरों पर सोलह नागकुमारदेव)

(८४-८६) इन शिखरों पर पल्योपम स्थिति वाले (सोलह) नागकुमार देव रहते हैं, मैं उनकी नामावली को अनुक्रम से कहता हूँ—(१) त्रिशीर्ष, (२) पंचशीर्ष, (३) सप्तशीर्ष, (४) महाभुज, (५) पद्मोत्तर, (६) पद्मसेन, (७) महापद्म, (८) वासुकि, (९) स्थिरहृदय, (१०) मृदु-हृदय, (११) श्रीवत्स, (१२) स्वस्तिक, (१३) सुन्दरनाग, (१४) विशालक्ष, (१५) पाण्डुरंग और (१६) पाण्डुकेशी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[गा० ८७-९७. कुंडलवरब्भंतरे सोहम्मीसाणलोगपालाणं रायहाणीओ]

कुंडलनगस्स (? कुंडलवरस्स) अब्भिंतरपासे होंति रायहाणीओ ।
सोलस उत्तरपासे सोलस[1] पुण दक्खिणे पासे ॥ ८७ ॥

जा उत्तरेण सोलस ताओ ईसाणलोगपालाणं ।
सक्कस्स लोगपालाण दक्खिणे सोलस हवंति ॥ ८८ ॥

मज्झे होइ चउण्हं वेसमणपभो नगुत्तमो सेलो ।
रइकरगपव्वयसमो उस्सेहुव्वेह-विक्खंभो ॥ ८९ ॥

तस्स य नगुत्तमस्स उ चउद्दिसिं होंति रायहाणीओ ।
जंबुद्दीवसमाओ विक्खंभा-ऽऽयामउत्ताओ ॥ ९० ॥
पुव्वेण [2]अयलभद्दा १ मसक्कसारा य होइ दाहिणओ २ ।
अवरेणं तु कुबेरा ३ धणप्पभा उत्तरे पासे ४ ॥ ९१ ॥

एएणेव कमेणं वरुणस्स य होंति अवरपासम्मि ।
वरुणप्पभसेलस्स वि चउद्दिसिं रायहाणीओ ॥ ९२ ॥
पुव्वेण होइ वरुणा १ वरुणपभा दक्खिणे दिसाभाए २ ।
अवरेण होइ कुमुया ३ उत्तरओ पुंडरिगिणी ४ य ॥ ९३ ॥

एएणेव कमेणं सोमस्स वि होंति अवरपासम्मि ।
सोमप्पभसेलस्स वि चउद्दिसिं रायहाणीओ ॥ ९४ ॥
पुव्वेण होइ सोमा १ सोमपभा दक्खिणे दिसाभाए २ ।
सिवपागारा अवरेण ३ होइ णलिणा य उत्तरओ ४ ॥ ९५ ॥

एणणेव कमेणं [च] अंतगस्सावि होइ अवरेणं ।
जमवत्तिप्पभसेलस्स चउद्दिसिं रायहाणीओ ॥ ९६ ॥
पुव्वेणं तु विसाला १ अईविसाला उ दाहिणे पासे २ ।
[3]सेयपभा अवरेणं ३ अमया पुण उत्तरे पासे ४ ॥ ९७ ॥

---

१. **सोलस** दक्खिणपासे, सोलस पुण उत्तरे पासे । इति लोकप्रकाशे सर्ग २४. पत्र २९९ पृ० १ ।

२. अलयभद्दा हं० । ३. सेहुपमा प्र० हं० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(८७-९७. कुण्डल पर्वत के भीतर सौधर्म ईशान लोकपालों की राजधानियाँ)

(८७) कुण्डल पर्वत की अभ्यन्तरपार्श्व में अर्थात् अन्दर की ओर सोलह राजधानियाँ उत्तर दिशा में और सोलह दक्षिण दिशा में है।

(८८) उत्तर दिशा में जो सोलह (राजधानियाँ) हैं वे ईशान लोकपालों की हैं तथा दक्षिण दिशा में जो सोलह (राजधानियाँ) हैं वे शक्र लोकपालों की हैं।

(८९) (कुण्डल पर्वत के) मध्य भाग में वैश्रमणप्रभ पर्वत नामक उत्तम पर्वत है। (यह पर्वत) रतिकर पर्वत के समान ही गहरा, ऊँचा और विस्तार वाला है।

(९०-९१) उस पर्वत की चारों दिशाओं में जम्बूद्वीप के समान कथित लम्बाई-चौड़ाई वाली (ये चार) राजधानियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में अचलभद्रा, (२) दक्षिण दिशा में मसक्सार, (३) पश्चिम दिशा में कुबेरा और(४) उत्तर दिशा में धनप्रभा।

(९२-९३) इसी क्रम से पश्चिम दिशा में स्थित वरुणदेव की (ये चार) राजधानियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में वरुणा, (२) दक्षिण दिशा में वरुणप्रभा, (३) पश्चिम दिशा में कुमुदा और (४) उत्तर दिशा में पुण्डरीकिणी।

(९४-९५) इसी क्रम से पश्चिम दिशा में स्थित सोमप्रभ पर्वत की चारों दिशाओं में सोमदेव की (ये चार) राजधानियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में सोमा, (२) दक्षिण दिशा में सोमप्रभा, (३) पश्चिम दिशा में शिवप्राकारा और (४) उत्तर दिशा में नलिना।

(९६-९७) इसी क्रम से पश्चिम दिशा में स्थित यमवृत्तिप्रभ पर्वत की चारों दिशाओं में अंतगदेव की (ये चार) राजधानियाँ हैं—(१) पूर्व दिशा में विशाला, (२) दक्षिण दिशा में अतिविशाला, (३) पश्चिम दिशा में श्वेतप्रभा और (४) उत्तर दिशा में अमृता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[गा० ९८-१०१. कुंडलवरब्भंतरे सक्कीसाणऽग्गमहिसीणं रायहाणीओ]

सक्कस्स देवरन्नो जाओ उ हवंति अग्गमहिसीओ ।
तासिं पि य पत्तेयं अट्ठेव य रायहाणीओ ॥ ९८ ॥

जन्नामा देवीओ तन्नामा होंति रायहाणीओ ।
सक्कस्स देवरन्नो ताओ उ हवंति दक्खिणओ ॥ ९९ ॥

ईसाणदेवरन्नो जाओ उ हवंति अग्गमहिसीओ ।
तासिं पि य पत्तेयं अट्ठेव य रायहाणीओ ॥ १०० ॥
जन्नामा देवीओ तन्नामा होंति रायहाणीओ ।
ईसाणदेवरन्नो तासिं तु हवंति उत्तरओ ॥ १०१ ॥

[गा० १०२-१०९. कुंडलवरबाहिं तायत्तीसगाणं तदग्गमहिसीणं च रायहाणीओ]

कुंडलवरस्स बाहिं छसु चेव हवंति सयसहस्सेसु ६००००० ।
तेत्तीसं ३३ रइकरगा उ पव्वया तत्थ रम्मा उ ॥ १०२ ॥

सक्कस्स देवरन्नो तायत्तीसा हवंति जे देवा ।
उप्पायपव्वया खलु पत्तेयं तेसि बोद्धव्वा ॥ १०३ ॥

एत्तो एक्केक्कस्स उ चउद्दिसिं होंति रायहाणीओ ।
जंबुद्दीवसमाओ विक्खंभाऽऽयामउत्ताओ[1] ॥ १०४ ॥

पढमा उ सयसहस्सा, बिइया तिसु चेव सयसहस्सेसु ।
पुव्वाइआणुपुव्वी तासिं नामाइं कित्ते हं ॥ १०५ ॥
विजया १ य वेजयंती २ जयंति ३ अवराइया ४ य बोद्धव्वा ।
तत्तो य नलिणनामा ५ नलिणगुम्मा ६ य पउमा ७ य ॥ १०६ ॥
तत्तो य महापउमा ८ अट्ठेव य होंति रायहाणीओ ।
चक्कज्झया १ य सच्चा २ सव्वा ३ वयरज्झया ४ चेव ॥ १०७ ॥

---

१. °यामओ ताओ प्र० मु० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(९८-१०१ कुण्डलवर पर्वत के भीतर शक्र ईशान अग्र-महिषियों की राजधानियाँ)

(९८) शक्र देवराज की जो अग्रमहिषियाँ हैं उनकी भी प्रत्येक की आठ-आठ राजधानियाँ हैं।

(९९) दक्षिण दिशा की ओर (जो) शक्र देवराज है उनकी जिस नाम वाली देवियाँ हैं उसी नाम वाली (उनकी) राजधानियाँ हैं।

(१००-१०१) उत्तर दिशा की ओर जो ईशान देवराज हैं उनकी आठ अग्रमहिषियाँ हैं, उनकी प्रत्येक की उसी नाम वाली आठ राजधानियाँ हैं।

(१०२-१०९ कुंडलवर पर्वत के बाहर त्रायस्त्रिंशकों और उनकी अग्रमहिषियों की राजधानियाँ)

(१०२) कुंडलवर पर्वत के बाहर छः लाख (योजन) (जाने पर) तैंतीस रमणीय रतिकर पर्वत हैं।

(१०३) इन रतिकर पर्वतों को शक्र देवराज के जो तैंतीस देव हैं, उनके प्रत्येक के उत्पाद पर्वत[1] के रूप में जानना चाहिए।

(१०४) इन उत्पाद पर्वतों की चारों दिशाओं में प्रत्येक देव की जम्बूद्वीप के समान लम्बाई-चौड़ाई वाली राजधानियाँ कही गई हैं।

(१०५-१०७) प्रथम, द्वितीय, तृतीय और अन्य राजधानियाँ भी एक-एक लाख योजन की हैं। पूर्वादि दिशाओं के अनुक्रम से मैं उनके नाम कहता हूँ—(१) विजया, (२) वैजयन्ती, (३) जयन्ती, (४) अपराजिता, (५) नलिननामा, (६) नलिनगुल्मा, (७) पद्मा और (८) महापद्मा। चक्रध्वजा, सत्या, सर्वा और वज्रध्वजा आदि (तैंतीस अग्रमहिषियाँ देवराज शक्र की हैं)।

---

१. ऐसे पर्वत जहाँ आकर कई व्यन्तर-जातीय देव-देवियाँ क्रिड़ा के लिए विचित्र प्रकार के शरीर बनाते हैं, उत्पाद पर्वत कहलाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सक्कस्स देवरण्णो तायत्तीसाण अग्गमहिसीणं ।
तासिं खलु पत्तेयं अट्ठेव य रायहाणीओ ॥ १०८ ॥

जन्नामा से देवी तन्नामा तासि रायहाणीओ ।
ईसाणदेवरन्नो तायत्तीसाण उत्तरओ ॥ १०९ ॥

[गा० ११०. कुंडलसमुद्दो]

बावन्ना बायाला छलसीई दस य जोयणसहस्सा ५२४२८६१०००० ।
गोतित्थेण विरहिअं खेत्तं खलु कुंडलसमुद्दे ॥ ११० ॥

[गा० १११. रुयगदीवो]

दसकोडिसहस्साइं चत्तारि सयाइं पंचसीयाइं ।
छावत्तरिं च लक्खा १०४८५७६०००० विक्खंभो रुयगदीवस्स ॥१११॥

[गा० ११२-११६. रुयगनगो]

रुयगवरस्स य मज्झे णगुत्तमो होइ पव्वओ रुयगो ।
पागारसरिसरूवो रुयगं दीवं विभयमाणो ॥ ११२ ॥

रुयगस्स उ उस्सेहो चउरासीई भवे सहस्साइं ८४००० ।
एगं चेव सहस्सं १००० धरणियलमहे समोगाढो ॥ ११३ ॥

दस चेव सहस्सा खलु बावीसं १००२२ जोयणाइं बोद्धव्वा ।
मूलम्मि उ विक्खंभो साहीओ रुयगसेलस्स ॥ ११४ ॥

सत्तेव सहस्सा खलु बावीसं जोयणाइं बोद्धव्वा ।
मज्झम्मि य विक्खंभो रुयगस्स उ पव्वयस्स भवे ॥ ११५ ॥

चत्तारि सहस्साइं चउवीसं ४०२४ जोयणा य बोद्धव्वा ।
सिहरतले विक्खंभो रुयगस्स उ पव्वयस्स भवे ॥ ११६ ॥

[गा० ११७-१२६. रुयगनगे कूडा]

सिहरतलम्मि उ रुयगस्स होंति कूडा चउद्दिसिं तत्थ ।
पुव्वाइआणुपुव्वी तेसिं नामाइं कित्ते हं ॥ ११७ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१०८) शक्र देवराज और उनकी तैंतीसों अग्रमहिषियों की प्रत्येक की आठ-आठ राजधानियाँ हैं।

(१०९) उत्तर दिशा की ओर (जो) तैंतीस ईशान देवराज हैं उनकी जिस नाम वाली देवियाँ हैं उनकी उसी नाम वाली राजधानियाँ हैं।

(११०. कुण्डल समुद्र)

(११०) कुण्डल समुद्र में बावन (अरब) बयालीस (करोड़) छियासी (लाख) दस हजार (योजन) क्षेत्र गोतीर्थ से रहित हैं।

(१११. रुचक द्वीप)

(१११) रुचक द्वीप का विस्तार दस हजार चार सौ पिच्चासी करोड़ छिहत्तर लाख (योजन) है।

(११२–११६ रुचक पर्वत)

(११२) रुचक द्वीप के मध्य में रुचक नामक उत्तम पर्वत है। प्राकार के समान (यह पर्वत) रुचक द्वीप को विभाजित करता है।

(११३) रुचक पर्वत की ऊँचाई चौरासी हजार (योजन) है तथा नीचे भूमि तल में (यह पर्वत) एक हजार (योजन) समान रूप से गहरा है।

(११४) रुचक पर्वत का विस्तार अधो भाग में दस हजार बावीस योजन से कुछ अधिक जानना चाहिए।

(११५) रुचक पर्वत का विस्तार मध्य में सात हजार बावीस योजन ही है, ऐसा जानना चाहिए।

(११६) रुचक पर्वत का विस्तार शिखरतल पर चार हजार चौबीस योजन है, ऐसा जानना चाहिए।

(११७-१२६. रुचक पर्वत पर शिखर)

(११७) उस रुचक पर्वत के शिखर-तल पर चारों दिशाओं में शिखर हैं। पूर्व आदि दिशाओं के अनुक्रम से मैं उनके नामों को कहता हूँ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुव्वेण अट्ठ कूडा, दक्खिणओ अट्ठ, अट्ठ अवरेणं ।
उत्तरओ अट्ठ भवे चउद्दिसिं होंति रुयगस्स ॥ ११८ ॥
कणगे १ कंचणगे २ तवण ३ दिसासोवत्थिए ४ अरिट्ठे ५ य ।
चंदण ६ अंजणमूले ७ वइरे ८ पुण अट्ठमे भणिए ॥ ११९ ॥
नाणारयणविचित्ता उज्जोवंता हुयासणसिहा व ।
एए अट्ठ वि कूडा हवंति पुव्वेण रुयगस्स ॥ १२० ॥

फलिहे १ रयणे २ भवणे ३ पउमे ४ नलिणे ५ ससी ६ य नायव्वे ।
वेसमणे ७ वेरुलिए ८ रुयगस्स हवंति दक्खिणओ ॥ १२१ ॥
नाणारयणविचित्ता अणोवमा [1]धंतरूवसंकासा ।
एए अट्ठ वि कूडा रुयगस्स हवंति दक्खिणओ ॥ १२२ ॥

अमोहे १ सुप्पबुद्धे य २ हिमवं ३ मंदिरे ४ इ य ।
रुयगे ५ रुयगुत्तरे ६ चंदे ७ अट्ठमे य सुदंसणे ८ ॥ १२३ ॥
नाणारयणविचित्ता अणोवमा [2]धंतरूवसंकासा ।
एए अट्ठ वि कूडा रुयगस्स वि होंति पच्छिमओ ॥ १२४ ॥

विजए १ य वेजयंते २ जयंत ३ अपराइए ४ य बोद्धवे ।
कुंडल ५ रुयगे ६ रयणुच्चए ७ य तह सव्वरयणे ८ य ॥ १२५ ॥
नाणारयणविचित्ता उज्जोवेंता हुयासणसिहा व ।
एए अट्ठ वि कूडा रुयगस्स हवंति उत्तरओ ॥ १२६ ॥

[गा० १२७-१४२. दिसाकुमारीओ तट्ठाणाणि य]

पलिओवमट्ठिईया एएसुं खलु हवंति कूडेसुं ।
पुव्वेण आणुपुव्वी दिसाकुमारीण ते हुंति ॥ १२७ ॥

नंदुत्तरा १ य नंदा २ आणंदा ३ तह य नंदिसेणा ४ य ।
विजया ५ य वेजयंती ६ जयंति ७ अवराइया ८ चेव ॥१२८॥
एया पुरत्थिमेणं रुयगम्मि उ अट्ठ होंति देवीओ ।
पुव्वेण जे उ कूडा अट्ठ वि रुयगे तहिं एया ॥१२९॥

---

